वर्ष -15 अंक-31 प्रत्येक गुरुवार को प्रकाशित अनूपपुर 3 से 9 अगस्त 2023 मूल्य 2.00 पृष्ठ 8 Epaper-www.fatwasamachar.com



डाक पंजी- SDL-0019/2025 RNI-MPHIN/2008/24599

# फ़तवा

मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ का लोकप्रिय समाचार पत्र

आपका विश्वास

पेज-2



पेज-3



पेज-6



**सुविचार**

अगर एक रास्ता जिंदगी में बंद हो जाए तो दूसरे कई रास्ते जिंदगी तुम्हारे लिए खोल देती है।

### 6 जिलों में धारा 144, इंटरनेट बंद

## हरियाणा में हिंसा के बाद तनाव 5 की मौत, नूंह में 2 दिन का कर्फ्यू



**नूंह एजेंसी।** हरियाणा के नूंह में विश्व हिंदू परिषद की ब्रज मंडल यात्रा के दौरान हिंसा और बवाल के बाद तनाव बना हुआ है। नूंह में दो दिन के लिए कर्फ्यू लगा दिया गया है। हालात पर काबू पाने के लिए पूरे इलाके में पैरामिलिट्री की 13 कंपनियां तैनात की गई हैं।

अब यह हिंसा नूंह (मेवात) के बाद गुरुग्राम तक फैल गई है। जिसे देखते हुए इन दो जिलों के अलावा एहतियातन रेवाड़ी, पलवल, फरीदाबाद और सोनीपत समेत 6 जिलों में धारा 144 लागू कर दी गई है। नूंह में 2 अगस्त तक इंटरनेट बंद कर दिया है। नूंह, फरीदाबाद, गुरुग्राम और पलवल में मंगलवार यानी 1 अगस्त को सभी शिक्षण संस्थान और कोचिंग सेंटर बंद रहेंगे। बोर्ड की 10वीं और 12वीं की परीक्षा को नूंह में रद्द कर दिया गया है। यह परीक्षाएं 1 और 2 अगस्त को होनी थीं। हिंसा के मद्देनजर CM मनोहर लाल खट्टर ने गृहमंत्री अनिल विज के अलावा चीफ सेक्रेटरी, DGP समेत दूसरे बड़े प्रशासनिक अधिकारियों की हाई लेवल मीटिंग बुला ली है। दरअसल, नूंह में सोमवार को विश्व हिंदू परिषद की ब्रज मंडल यात्रा पर समुदाय विशेष के लोगों ने पथराव कर दिया। इससे हिंसा भड़क गई। दोनों पक्षों में पत्थरबाजी और फायरिंग हुई। इस दौरान गुड़गांव के होमगार्ड नीरज और गुरसेवक समेत अब तक 5 लोगों की मौत हो गई है।

### नूंह हिंसा की आग गुरुग्राम तक पहुंची

मेवात के नूंह में भड़की हिंसा की आग गुरुग्राम तक पहुंच गई है। 31 जुलाई की देर रात गुरुग्राम सेक्टर 56- 57 इलाके में करीब 100 लोगों की भीड़ ने अंडर कंस्ट्रक्शन धार्मिक स्थल में तोड़-फोड़ कर आग लगा दी इस हिंसा में धार्मिक स्थल में मौजूद एक शख्स की मौत हो गई, जबकि एक घायल हो गया। पुलिस की FIR के मुताबिक मरने वाले शख्स का नाम मोहम्मद साद था और वो बिहार का रहने वाला है। एफआईआर के मुताबिक रात 12.15 बजे गुरुग्राम सेक्टर-57 में बूम प्लाजा की तरफ से 100-120 लोगों की भीड़ धार्मिक नारे लगाते हुए आई। भीड़ ने सबसे पहले मौके पर मौजूद पुलिस पार्टी पर पथराव किया। इसके बाद पास ही धार्मिक स्थल में आग लगा दी।

### भोपाल के भेल दशहरा मैदान में हुआ कुशवाहा समाज का महाकुंभ

## मप्र में बनेगा उद्यानिकी फसलों के लिए मार्केटिंग बोर्डः सीएम चौहान

*मुख्यमंत्री ने सागर में लवकुश मंदिर के निर्माण और सामुदायिक धर्मशाला भवन के लिए 10 करोड़ रुपए राशि का चेक कुशवाहा समाज को सौंपा*

**मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि कुशवाहा समाज देशभक्त और परिश्रमी समाज है। समाज को संगठित रहकर आगे बढ़ना है। कुशवाहा समाज भारतीय संस्कृति का रक्षक है। इसी समाज से चंद्रगुप्त मौर्य और सम्राट अशोक जैसे रत्न निकले।**



**भोपाल नप्र।** फल-फूल, सब्जी के उत्पादन और व्यापार से जुड़े कुशवाहा समाज के हित में उद्यानिकी फसलों के लिए पृथक मार्केटिंग बोर्ड का गठन किया जाएगा, ताकि छोटे-छोटे किसानों को बिचौलियों से निजात मिल सके। मुख्यमंत्री चौहान आज भेल दशहरा मैदान में कुशवाहा महाकुंभ को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री चौहान ने सागर में लवकुश मंदिर के निर्माण एवं सामुदायिक धर्मशाला के लिए 10 करोड़ रुपए की राशि का चैक कुशवाहा सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. वर्मा को सौंपा। मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा मध्यप्रदेश के कार्यालय के लिए भूमि आवंटन के संबंध में आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण की जाएगी।

दमोह जिले के सीएम राइज विद्यालय का नामकरण महात्मा ज्योतिबा फुले के नाम पर किया जाएगा। महाकुंभ में पूरे प्रदेश से आए प्रतिनिधि शामिल हुए। मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि कुशवाहा समाज ने राष्ट्र रक्षा के लिए अमूल्य योगदान दिया है। विदेशी हमलावारों को खदेड़ने में समाज बंधुओं ने परिश्रम किया है। स्वतंत्रता संग्राम में समाज की भागीदारी रही।

महात्मा ज्योतिबा फुले और श्रीमती सावित्री फुले ने स्त्री शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य किया। मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि कुशवाहा समाज के हित में सभी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। पूर्व में कुशवाहा समाज के कल्याण के लिए की गई घोषणाओं पर अमल किया गया है। सम्पूर्ण मानव समाज को ज्ञान और शिक्षा की रोशनी देने वाले समाज के महापुरुष ज्योतिबा फुले और श्रीमती सावित्री बाई फुले के कृतित्व और व्यक्तित्व से प्रदेश की नई पीढ़ी को परिचित करवाने और उनसे प्रेरणा लेकर अपना भविष्य तय करने के लिए ज्योतिबा फुले और श्रीमती सावित्री बाई फुले की जीवनी को स्कूली पाठ्यक्रम में शामिल किया गया है। राज्य शासन ने महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती मनाने का निर्णय लेने के साथ महात्मा फुले की जयंती पर प्रदेश में ऐच्छिक अवकाश घोषित किया है।

### महत्वपूर्ण घोषणाएं

- सागर में लवकुश मंदिर एवं सामुदायिक धर्मशाला का 10 करोड़ की लागत से निर्माण होगा।
- उद्यानिकी फसलों जैसे फल, फूल सब्जी आदि की बेहतर विपणन व्यवस्था के लिए पृथक उद्यानिकी फसल मार्केटिंग बोर्ड गठित किया जाएगा।
- अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा मध्य प्रदेश के कार्यालय के लिए भूमि आवंटन के संबंध में प्रक्रिया पूर्ण की जाएगी।
- उद्यानिकी फसलों के लिए पृथक मंडी बनाई जाएगी।
- पूर्व घोषणाओं में कुशवाहा कल्याण बोर्ड का गठन, महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती पर ऐच्छिक अवकाश, महात्मा ज्योतिबा फुले और सावित्री फुले की जीवनी को पाठ्यक्रम में शामिल करना।

## देवास के नेमावर तीर्थ में 35 परिवारों के 190 लोगों की घर वापसी

### पूर्वज हो गए थे मुस्लिम, किंतु कुलदेवी चामुंडा ही थी

**नेमावर, देवास नप्र।** नर्मदा के तट पर बसे नेमावर में सुबह पास के एक गांव के 35 परिवारों के 190 लोगों ने पुनः हिंदू धर्म में वापसी की है। ये लोग घुमंतु समाज से संबंधित है। इन परिवारों के पूर्वज पूर्व में किसी कारण से मुस्लिम हो गए थे। किंतु फिर भी वे कुलदेवी चामुंडा का पूजन करतें थे, विवाह की पद्धति भी हिंदू परिवारों की ही तरह रहती थी। अपने घर वापसी पर अनुभव साझा करते हुए रामसिंह (पूर्व में मोहम्मद शाह) ने कहा कि हमारे पूर्वज भले ही परिस्थितिवश मुस्लिम हो गए थे, पर हमारे रक्त में हिंदू संस्कार ही प्रवाहित हो रहें हैं। आज अपने स्वधर्म में वापसी से हमें अत्यंत हर्ष है।

### संतों के सानिध्य में विधि-विधान से हुई स्वधर्म में वापसी

35 परिवारों के लगभग 190 लोगो के स्वधर्म वापसी के समय नेमावर के संत रामस्वरूप दासजी शास्त्री और रतलाम के संत आनंदगिरि महाराज उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान मुंडन, नर्मदा स्नान, यज्ञोपवीत कार्यक्रम तथा हवन संपन्न हुआ। सभी लोग स्वधर्म में वापसी पर आह्लादित दिखें, इनमें लगभग 55 पुरुष, 50 महिलाएं और शेष बच्चे सम्मिलित हैं।

## समृद्धि हाईवे पर दर्दनाक हादसा, गर्डर लॉन्चर गिरने से 17 लोगों की मौत, 3 घायल

**ठाणे एजेंसी।** सोमवार देर रात ठाणे जिले के शहापुर तालुका में समृद्धि हाईवे पर दर्दनाक हादसा हो गया. हाईवे पर निर्माण कार्य के दौरान क्रेन का गर्डर लॉन्चर गिरने से 17 मजदूरों की दबकर मौत हो गई, जबकि तीन अन्य घायल हो गए. अभी भी कुछ मजदूर मलबे में दबे बताए जा रहे हैं. मौके पर सर्च और रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है।

ठाणे के एसपी भी रेस्क्यू टीम के साथ मौके पर मौजूद हैं. एसपी ने बताया कि हाईवे की जिस साइट पर हादसा हुआ, वहां कुर 23 मजदूर काम कर रहे थे. ठाणे डिजास्टर कंट्रोल रूम के मुताबिक, देर रात करीब एक बजे कंट्रोल रूम को इस घटना की सूचना मिली कि रात करीब 12 बजे के आसपास सातगांव पुल, सरल अंबेगांव,



शहापुर तालुका में समृद्धि हाईवे का निर्माण कार्य चल रहा था. रेडी फ्लाई ओवर के हिस्से को क्रेन के जरिए उठाकर पिलर पर फिट किया जा रहा था, तभी गर्डर लॉन्चर अचानक गिर पड़ा. गर्डर लॉन्चर गिरने से मौके पर अफरातफरी का माहौल हो गया. वहां मौजूद अन्य लोगों ने आनन-फानन में इसकी सूचना स्थानीय पुलिस और फायर ब्रिगेड को दी. सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम ने रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया. जानकारी मिलने पर खुद ठाणे के एसपी राहत बचाव टीम के साथ मौके पर पहुंच गए. ठाणे एसपी के मुताबिक, अभी तक जो जानकारी सामने आई है, उसमें 16 लोगों की मौत हुई है, जो कि मजदूर थे और काम कर रहे थे. उसके अलावा तीन मजदूर घायल हैं।

### 6 आईटीआई खुलेंगे, सरकारी कर्मचारियों को 4ह्लद्ध पे स्केल

## नर्मदापुरम और सीधी में बनेंगी नई तहसील कैबिनेट ने 34 नए पद स्वीकृत किए

**भोपाल नप्र।** नर्मदापुरम और सीधी जिले में नई तहसील बनाई जाएंगी। कैबिनेट बैठक में (शिवपुर) नर्मदापुरम के लिए 14 और (मडवास) सीधी के लिए 20 नए पद स्वीकृत किए गए हैं। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में 6 नए ITI (इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट्स) शुरू करने को भी मंजूरी दी गई। इसके लिए 114 प्रशिक्षक और 44 प्रशासकीय पदों को मंजूरी दी गई। गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने बताया, आज की कैबिनेट में नौजवान, कर्मचारियों और छात्रों के हित में निर्णय हुए।

जबलपुर के सिहोरा, कटनी के कैमोर, छतरपुर के बिजावर, निवाड़ी के जेरोन, सीधी के रामपुर नैकिन, धार के तिलगारा में नए ITI खुलेंगे। शासकीय पॉलिटेक्निक होशंगाबाद में 4 नए कोर्स मैकेनिकल, सिविल, इलेक्ट्रिक और कम्प्यूटर साइंस इंजीनियरिंग शुरू होंगे। गृहमंत्री ने कहा, 35 साल की सेवा पूरी कर चुके कर्मचारियों को चतुर्थ समयमान वेतन (4th टाइम स्केल पे) देने का फैसला किया गया। 1 जुलाई 2023 से इसका लाभ मिलेगा। युवा कला और प्रशिक्षण फैलोशिप को मंजूरी दी गई है। एक हजार युवा कलाकारों को 10 हजार रुपए महीना दिया जाएगा। तीन शासकीय महाविद्यालयों में नवीन संकाय शुरू करने का निर्णय हुआ।

### अद्वैत वेदांत धाम बनने पर पीएम मोदी से करेंगे मध्यप्रदेश आने का आग्रह



गृहमंत्री ने मध्यप्रदेश के टाइगर स्टेट बनने पर कहा, हम टाइगर स्टेट लंबी लीड के साथ बने हैं। पिछली बार कर्नाटक के आसपास थे। इस बार कर्नाटक में 528 टाइगर हैं तो मध्यप्रदेश में 785 टाइगर हो गए हैं। मप्र में 1 करोड़ 36 लाख लोग गरीबी रेखा से बाहर निकल आए हैं। इसे पर कैपिटा इनकम से जोड़ें तो कांग्रेस की सरकार में 11 हजार पर कैपिटा इनकम थी, आज ये बढ़कर 1 लाख 40 हजार रुपए पर कैपिटा इनकम हो गई है। ये बड़ी छलांग है। उन्होंने बताया, ओंकारेश्वर में अद्वैत वेदांत धाम निर्माण 31 अगस्त तक पूरा करने को कहा है। संस्कृति मंत्री उषा ठाकुर से सितंबर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से आने का आग्रह करने के लिए कहा है।

## मालवा-निमाड़ के दावेदारों की कुंडली ले गए अमित शाह

**भोपाल नप्र।** मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव की पूरी कमान सीधे गृह मंत्री अमित शाह के हाथों में ही रहेगी, यह अब साफ हो गया है। वे मालवा-निमाड़ के दावेदारों की कुंडली और वहां के समीकरण साथ ले गए हैं। यह भी लिस्ट ले गए हैं कि कब कौन हारा और कब जीता। लोकल कारण क्या रहे, इस पर समीक्षा भी की जा रही है। रविवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह इंदौर आए थे। वे यहां के संगठन के नेताओं का स्पष्ट संदेश देकर गए हैं कि चुनाव में किसी भी हाल में 2018 जैसी स्थिति नहीं बनना चाहिए। 37 में से अधिकतर सीटें भाजपा को जीतना है। यह चर्चा मैरियट होटल में करीब 1 घंटे तक बैठक में की गई। इसमें चुनाव को लेकर संगठन किस तरह महत्वपूर्ण भूमिका में रहकर काम करेगा यह फैसले लिए गए। बताया जा रहा है कि होटल में बंद कमरे में चली बैठक में शाह ने साफ शब्दों में कहा कि आप ऊपर बैठे नेताओं के सामने शक्ति प्रदर्शन करने की जगह बूथ पर काम करने वाले कार्यकर्ताओं पर ध्यान दें। बूथ कार्यकर्ता ही चुनाव जिताते हैं, मंच पर बैठे नेता नहीं। आप लोगों ने समितियां बना दी। कार्यकर्ताओं को पद दे दिए हैं लेकिन अब उन्हें काम भी दें। आप उनको जो टास्क दें उसकी हर 15 दिन में समीक्षा करें।



## आजादपुर मंडी पहुंचे राहुल गांधी, सब्जी विक्रेताओं, मजदूरों से की बातचीत

**नई दिल्ली एजेंसी।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी मंगलवार सुबह अचानक आजादपुर मंडी पहुंचे, जहां उन्होंने सब्जी विक्रेताओं और मौजूद मजदूरों से बातचीत की। जानकारी के अनुसार राहुल गांधी का यह दौरा अचानक ही हुआ, वह सभी को चौंकाते हुए सब्जी मण्डी पहुचे।

उधर आजादपुर मंडी में अपने बीच राहुल गांधी को पाकर सब्जी विक्रेता और मजदूर चौंक गए। लोग उनके चारों तरफ आकर खड़े हो गए। गौरतब है कि



राहुल गांधी आजादपुर मंडी में ऐसे समय पहुंचे हैं जब टमाटर के दाम आसमान छू रहे हैं। बताया जा रहा है कि वह सुबह करीब 4 बजे मंडी पहुंचे और उन्होंने सब्जी विक्रेताओं और मजदूरों से उनकी समस्याओं के बारे में पूछा। इसके पहले राहुल गांधी ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर एक वीडियो शेयर किया था। इसमें दिल्ली की आजादपुर मंडी में एक सब्जी विक्रेता रोते हुए दिख रहा था। वीडियो में सब्जी विक्रेता रामेश्वर ने आंसू भरी आंखों से कहा कि टमाटर बहुत महंगे हैं। मेरे पास इसे खरीदने के लिए पर्याप्त पैसे नहीं हैं। उनका कहना था कि अगर टमाटर बारिश में भीग गए या स्टॉक में कुछ हो गया, तो हमें नुकसान होगा।

### बिहार में जातीय गणना होगी- पटना हाईकोर्ट से सरकार को बड़ी राहत; रोक लगाने वाली सभी याचिकाएं खारिज

**पटना एजेंसी।** बिहार में जातीय गणना पूरी होगी। बिहार सरकार को पटना हाईकोर्ट से राहत मिली है हाईकोर्ट ने रोक की मांग से जुड़ी याचिकाएं खारिज कर दी हैं। पटना हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस के. विनोद चंद्रन ने यह फैसला सुनाया। याचिकाकर्ता के वकील दीनू कुमार ने बताया कि एक लाइन में हाईकोर्ट का फैसला आया है। जिसमें कहा गया कि रिट याचिका खारिज की जाती है। यानी जातीय गणना कराई जा सकती है। हाईकोर्ट के जजमेंट के आधार पर गणना होगी। हम लोग फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जाएंगे। हाईकोर्ट के फैसले के बाद डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने कहा कि जातीय गणना आर्थिक न्याय की दिशा में क्रांतिकारी कदम होगा। हमारी मांग है कि केंद्र सरकार जातीय गणना करवाए।

## चंद्रयान- 3 को मिली सफलता पृथ्वी की कक्षा से बाहर निकला



**बेंगलुरु एजेंसी।** विगत 14 जुलाई को लांच किए गए चंद्रयान- 3 को पृथ्वी की कक्षा से सफलतापूर्वक बाहर निकलने में कामयाबी मिली है। नासा का कहना है कि अब इसका अगला पड़ाव चंद्रमा है, जहां 23 अगस्त को लैंड होने की संभावना है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने कहा कि मंगलवार को चंद्रयान-3 को ट्रांसलूनर ऑर्बिट में स्थापित कर दिया गया। नेशनल स्पेस एजेंसी ने कहा कि 'चंद्रयान-3 ने पृथ्वी के चारों ओर अपनी परिक्रमा पूरी कर ली है और चंद्रमा की ओर बढ़ रहा है।' इसरो ने बताया कि 'इस्ट्रैक में एक सफल पेरिजी-फायरिंग की गई इसके बाद चंद्रयान-3 को ट्रांसलूनर कक्षा में स्थापित कर दिया है। चंद्रयान का अगला पड़ाव अब चंद्रमा है। इसरो ने कहा कि चंद्रयान-3 जैसे ही चंद्रमा पर पहुंचेगा, उसे चंद्रमा की कक्षा में स्थापित करने की योजना 5 अगस्त को बनाई गई है। मंगलवार के ट्रांस-लूनर इंजेक्शन के बाद चंद्रयान -3 पृथ्वी की कक्षा से बाहर चला गया और अब उस रास्ते पर बढ़ रहा है, जो इसे चंद्रमा के करीब ले जाएगा।

### 23 अगस्त को चंद्रमा की सतह पर उतरेगा

गौरतलब है कि इसरो 23 अगस्त को चंद्रमा की सतह पर लैंडर की सॉफ्ट लैंडिंग कराने की कोशिश करेगा। इससे पहले 14 जुलाई को चंद्रयान-3 मिशन के लॉन्च होने के बाद उसकी कक्षा लगातार पांच गुना बढ़ाई थी। बता दें कि भारत के तीसरे मिशन मून चंद्रयान-3 के एलवीएम-एम4 रॉकेट से सफल लॉन्च ने मानव को अंतरिक्ष में ले जाने के देश के पहले कार्यक्रम को काफी बल दिया है। इसी रॉकेट का उपयोग महत्वाकांक्षी गगनयान अभियान के लिए किया जाएगा। इसरो अपनी महत्वाकांक्षी परियोजना गगनयान के सफल लॉन्च के लिए जोरशोर से जुटा हुआ है। इस अभियान के तहत 3 लोगों को 3 दिन के लिए धरती की 400 किलोमीटर की कक्षा में ले जाया जाएगा और फिर उन्हें सुरक्षित रूप से धरती पर वापस लाया जाएगा।

### मध्यप्रदेश में मौसमः आज 12 जिलों में बारिश का अलर्ट

## चंबल का जलस्तर बढ़ा, किनारे के गांव खाली कराने के आदेश

**भोपाल नप्र।** मध्यप्रदेश में 8 अगस्त के बाद तेज बारिश का दौर फिर शुरू हो सकता है। अभी दो सिस्टम पूर्वी हिस्से में बारिश करा रहे हैं। नमी की वजह से लोकल सिस्टम से भी हल्की बारिश हो सकती है। मौसम विभाग ने रीवा, सतना समेत 12 जिलों में अगले 24 घंटे के लिए तेज बारिश का अलर्ट जारी किया है।

मौसम वैज्ञानिक अभिजीत चक्रवर्ती ने बताया कि ट्रफ लाइन हिमालय की तरफ शिफ्ट हो गया है। कम दबाव का एरिया बना हुआ है। इन दोनों के प्रभाव से प्रदेश के पूर्वी हिस्से में हल्का असर रहेगा। कुछ जगहों पर तेज बारिश भी हो सकती है। राजस्थान के कोटा बैराज से पानी छोड़े जाने पर चंबल नदी का जलस्तर बढ़ने



चंबल, मुरैना

लगा है। मुरैना में मंगलवार सुबह तक नदी का जलस्तर 123.40 मीटर पहुंच गया। सोमवार शाम यह उसैद-पिनाहट घाट पर 118 मीटर से ऊपर था। खतरे का लेवल 138 मीटर है। शनिवार से सोमवार रात तक राजस्थान के कोटा बैराज के सात गेट खोलकर 9563 क्यूसेक पानी को छोड़ा गया है।

अभी दो दिन और कोटा बैराज से पानी छोड़ा जाएगा। ऐसे में प्रशासन ने चंबल किनारे बसे गांवों को खाली कराने के लिए आदेश जारी कर दिया है। इन गांवों में घेर, बीलपुर, कुथियाना सहित अन्य गांव शामिल हैं।

पिछले साल बाढ़ के चलते नदी किनारे बसे गांव में भारी नुकसान हुआ था। नदी का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर 137.60 मीटर तक पहुंच गया था। चंबल नदी ने किनारों के गांव में भारी तबाही मचाई थी।

### कैसे रहेंगे अगले 24 घंटे

**12 जिलों में तेज बारिशः** सिंगरौली, सीधी, रीवा, सतना, अनूपपुर, शहडोल, उमरिया, डिंडोरी, सिवनी, मंडला, बालाघाट, पन्ना।

**हल्की बारिशः** भोपाल, विदिशा, रायसेन, सीहोर, राजगढ़, नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा, बुरहानपुर, खंडवा, खरगोन, बड़वानी, अलीराजपुर, झाबुआ, धार, इंदौर, रतलाम, उज्जैन, देवास, शाजापुर, आगर-मालवा, मंदसौर, नीमच, गुना, अशोकनगर, शिवपुरी, ग्वालियर, दतिया, भिंड, मुरैना, श्योपुरकलां, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, दमोह, सागर, छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी में मौसम साफ रहेगा।

## संपादकीय

# लोगों में संविधान के प्रति भरोसा पैदा करना बहुत जरूरी

मणिपुर का मामला दरअसल, राज्य सरकार की लापरवाही और केंद्र सरकार की शिथिलता का नतीजा है। मणिपुर मामले में एक बार फिर सर्वोच्च न्यायालय ने सख्त रुख अपनाते हुए केंद्र और राज्य सरकार से स्थिति रिपोर्ट मांगी है। उसने कुछ कड़े सवाल किए हैं, जिनका जवाब देना राज्य प्रशासन के लिए आसान नहीं है। सर्वोच्च न्यायालय ने कहा है कि जो खो गया, वह खो गया, मगर अभी सवाल लोगों में विश्वास बहाली का है। इसके लिए सरकार क्या कर रही है, उसका ब्योरा दे। मामला केवल दो महिलाओं का नहीं है, ऐसी अनेक महिलाओं का वहां उत्पीड़न हुआ है, उनका क्या विवरण है। उन दो महिलाओं की प्राथमिकी दर्ज करने में चौदह दिन क्यों लग गए, जिन्हें निर्वस्त्र करके घुमाने का वीडियो प्रसारित हुआ और प्रशासन तभी हरकत में क्यों आया, जब वह वीडियो प्रसारित हो गया। सरकार की तरफ से पेश वकील ने कहा कि छह हजार प्राथमिकियां दर्ज की गई हैं, तब अदालत ने पूछा कि उनमें से कितनी प्राथमिकियां महिलाओं के साथ हुए अत्याचारों से जुड़ी हैं।

इसका कोई स्पष्ट उत्तर सरकार के पास नहीं था। हालांकि दोनों महिलाओं से जुड़े मामले की जांच सीबीआइ ने अपने हाथ में ले ली है, मगर सर्वोच्च न्यायालय मणिपुर में हुई ऐसी तमाम घटनाओं की जांच के पक्ष में है और वह इसके लिए उच्चाधिकार प्राप्त समिति गठित करने पर विचार कर रहा है। केंद्र सरकार ने कहा है कि अगर सर्वोच्च न्यायालय अपनी निगरानी में जांच कराना चाहता है, तो उसे कोई आपत्ति नहीं है।

मणिपुर का मामला दरअसल, राज्य सरकार की लापरवाही और फिर केंद्र सरकार की शिथिलता का नतीजा है। अगर सरकारों ने इस मामले पर काबू पाने की कोशिश की होती, तो कोई कारण नहीं कि यह इतने लंबे समय तक चलता रहता और वहां करीब दो सौ लोगों की जान चली जाती, हजारों लोगों को बेघर जिंदगी गुजारने पर मजबूर होना पड़ता।

सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि यह मत कहिए कि वहां एक समुदाय के खिलाफ हिंसा हुई, संदेश यह जाना चाहिए कि वहां एक भी समुदाय के खिलाफ हिंसा से कड़ाई से निपटा जाएगा। लोगों में संविधान के प्रति भरोसा पैदा करना बहुत जरूरी है। दरअसल, मणिपुर में पिछले करीब तीन महीने से हिंसा और आगजनी की घटनाएं हो रही हैं, मगर इस पर पूरी दुनिया में कठोर निंदा का सिलसिला तब शुरू हुआ, जब दो महिलाओं को निर्वस्त्र करके घुमाने का वीडियो प्रसारित हुआ। इस तरह मणिपुर में चल रही सामुदायिक हिंसा को कई लोगों ने उस वीडियो तक सीमित कर दिया है, जबकि पूरी हिंसा को लेकर ढेर सारे सवाल हैं।

अब अनेक तथ्य प्रकट हैं, जिनसे राज्य सरकार की शह और केंद्र सरकार की उदासीनता उजागर होती है। शस्त्रागार से भारी मात्रा में हथियार और कारतूस आदि लूट लिया जाना और सरकारों का इस पर हाथ पर हाथ धरे बैठे रहना कई सवाल खड़े करता है। विपक्षी दलों ने इन तमाम सवालों को लेकर संसद में जवाब मांगा है, उनके प्रतिनिधि मणिपुर हो आए हैं। अब सर्वोच्च न्यायालय ने जो सवाल पूछे हैं और उच्चाधिकार प्राप्त समिति से इन घटनाओं से संबंधित जांचों पर निगरानी रखने की बात कही है, उससे राज्य सरकार की लापरवाहियों, पक्षपात और हिंसा को नजरअंदाज करने के तथ्य और स्पष्ट हो सकेंगे। मणिपुर की घटना ने केंद्र सरकार को भी सांसत में डाल दिया है, पूर्वोत्तर के लोगों का भरोसा डिगा है। वहां के दूसरे राज्यों में भी तनाव की आशंका है।


# दुनिया में डिजिटल युग की चुनौतियां



लेखक
डॉ. जे.एम. व्यास

नकली एनएफटी, अनधिकृत नकल और कॉपीराइट का उल्लंघन डिजिटल आर्ट के क्षेत्र में प्रमुख चिंताएं बन चुकी हैं। इसके अलावा, एनएफटी लेनदेन में उपयोग की जाने वाली क्रिप्टो करेंसी से जुड़ी गुमनामी मनी लॉन्ड्रिंग, कर चोरी और अवैध वित्तपोषण की सुविधा प्रदान कर सकती है। इसके अलावा, एनएफटी प्लेटफॉर्म में मौजूद प्रतिभूतियों के मुद्दे और अतिसंवदेनशीलता एक परिष्कृत साइबर हमले का कारण बन सकती हैं, जिससे भारी वित्तीय और साथ ही प्रतिष्ठा की हानि हो सकती है। हितधारकों के हितों की रक्षा करते हुए एनएफटी लेनदेन की प्रामाणिकता और वैधता सुनिश्चित करने के लिए मजबूत नियामक ढांचे स्थापित करने, कानून प्रवर्तन एजेंसियों को मजबूत करने और जी२० देशों के बीच अंतर्राष्ट्रीय संबंध और सहयोग को बढ़ावा देने की आवश्यकता है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के प्रसार ने विभिन्न उद्योगों में परिवर्तनकारी संभावनाओं को खोल दिया है।साइबर सुरक्षा, कानून प्रवर्तन एजेंसियों और भविष्यसूचक बाजार/मौसम विश्लेषण सहित विभिन्न क्षेत्रों में कृत्रिम बुद्धिमत्ता एक शक्तिशाली उपकरण के रूप में उभरी है। हालांकि, साइबर अपराधीजटिल साइबर हमलों को अंजाम देने और एआई-संचालित फर्जी योजनाएं शुरू करने के लिए एआई का उपयोग कर सकते हैं।आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का प्रभाव सकारात्मक प्रगति के साथ, नकारात्मक परिणामों को भी शामिल करता है।

जैसे-जैसे दुनिया तेजी से डिजिटल युग में अपना विस्तार कर रही है, नॉन फंजीबल टोकन्स (एनएफटी), कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और मेटावर्स जैसी तकनीक की प्रगति ने कला और संग्रहणीय बाजार, वाणिज्य और संचार सहित समाज के विभिन्न पहलुओं में क्रांति ला दी है। जहां ये नवाचार अपार अवसर और लाभ पहुंचा रहे हैं, वहीं यह अपराध और सुरक्षा के संदर्भ में अत्याधिक चुनौतियां भी पेश कर रहे हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस प्लेटफॉर्म बड़ी मात्रा में डेटा एकत्र और तैयार कर रहे हैं। इससे गोपनीयता संबंधी गंभीर चिंताएं पैदा हो रही हैं। नॉन फंजीबल टोकन्स (एनएफटी) के आसमान छूते उपयोग के साथ, उपयोगकताओं को ठगने और उनके डिजिटल वॉलेट से धन की चोरी करने के उद्देश्य से द्वेषपूर्ण एनएफटी घोटालों में वृद्धि देखने को मिल रही है। मेटावर्स अभी भी अपनी प्रारंभिक अवस्था में है लेकिन उपभोक्ताओं को उन सुरक्षा और गोपनीयता उपायों को समझने की आवश्यकता है जो प्लेटफार्म एनेबलर प्रदान करते हैं। साइबर खतरे के परिदृश्य की जटिलता बढ़ गई है और क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय पहलों के माध्यम से उद्योगों, शिक्षा जगत और सरकार के बीच उच्च स्तरीय सहयोग की आवश्यकता है। एक सुरक्षित और भरोसेमंद साइबर स्पेस को बढ़ावा देने के लिए इन उभरती चुनौतियों का समाधान करने के लिए गृह मंत्रालय ने 13-14 जुलाई को गुरुग्राम (हरियाणा) में एनएफटी, एआई और मेटावर्स के युग में अपराध और सुरक्षा पर जी20 सम्मेलन की मेजबानी की। नॉन फंजीबल टोकन्स ने 2014 के बाद से कला बाजार में क्रांति ला दी है, जिससे डिजिटल संपत्ति के लिए डिजिटल स्वामित्व और उत्पत्ति स्थान सत्यापन सक्षम हो गया है। एनएफटी बाजार 2028 तक लगभग 20 बिलियन डॉलर तक पहुंचने का अनुमान लगाया गया है। हालांकि यह क्रांतिकारी तकनीक आपराधिक गतिविधियों के लिए नए द्वार भी प्रस्तुत करती है। नकली एनएफटी, अनधिकृत नकल और कॉपीराइट का उल्लंघन डिजिटल आर्ट के क्षेत्र में प्रमुख चिंताएं बन चुकी हैं। इसके अलावा, एनएफटी लेनदेन में उपयोग की जाने वाली क्रिप्टो करेंसी से जुड़ी गुमनामी मनी लॉन्ड्रिंग, कर चोरी और अवैध वित्तपोषण की सुविधा प्रदान कर सकती है। इसके अलावा, एनएफटी प्लेटफॉर्म में मौजूद प्रतिभूतियों के मुद्दे और अतिसंवदेनशीलता एक परिष्कृत साइबर हमले का कारण बन सकती हैं, जिससे भारी वित्तीय और साथ ही प्रतिष्ठा की हानि हो सकती है। हितधारकों के हितों की रक्षा करते हुए एनएफटी लेनदेन की प्रामाणिकता और वैधता सुनिश्चित करने के लिए मजबूत नियामक ढांचे स्थापित करने, कानून प्रवर्तन एजेंसियों को मजबूत करने और जी20 देशों के बीच अंतर्राष्ट्रीय संबंध और सहयोग को बढ़ावा देने की आवश्यकता है।



आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के प्रसार ने विभिन्न उद्योगों में परिवर्तनकारी संभावनाओं को खोल दिया है। साइबर सुरक्षा, कानून प्रवर्तन एजेंसियों और भविष्यसूचक बाजार/मौसम विश्लेषण सहित विभिन्न क्षेत्रों में कृत्रिम बुद्धिमत्ता एक शक्तिशाली उपकरण के रूप में उभरी है। हालांकि, साइबर अपराधीजटिल साइबर हमलों को अंजाम देने और एआई-संचालित फर्जी योजनाएं शुरू करने के लिए एआई का उपयोग कर सकते हैं।आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का प्रभाव सकारात्मक प्रगति के साथ, नकारात्मक परिणामों को भी शामिल करता है। अपराधियों के बीच जटिल साइबर हमलों को अंजाम देने, पहचान की चोरी करने और दुष्प्रचार करने के लिए एआई का उपयोग करने की प्रवृत्ति बढ़ रही है। एआई-पावर्ड मैलवेयर, एपीटी, डीडीओएस, डीप फेक तकनीक आदि एआई आधारित साइबर सुरक्षा हमलों के कुछ ऐसे ही उदाहरण हैं, जो निश्चित रूप से व्यक्ति की गोपनीयता, विश्वास और डिजिटल सामग्री की अखंडता के लिए एक गंभीर खतरे पैदा करते हैं। एआई के इस युग में, जी20 देशों के लिए साइबर सुरक्षा उपायों को तरजीह देना, वैश्विक सहयोग को बढ़ावा देना और उभरते खतरों का अति सक्रिय होकर समाधान करने के लिए अनुसंधान के लिए संसाधन आवंटित करना अनिवार्य है। एआई के विकास और कार्यान्वयन के लिए नैतिक ढांचे की स्थापना जिम्मेदार उपयोग की गारंटी देगा और एआई-सक्षम आपराधिक कार्यों से जुड़े जोखिम कम होंगे। एआई शासन को मजबूत करना, जिम्मेदार एआई विकास को प्रोत्साहित करना और एआई-संचालित खतरे का पता लगाने वाले तंत्र को बढ़ाना एक सुरक्षित डिजिटल इको सिस्टम सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण कदम हैं। मेटावर्स एक परस्पर जुड़ी वर्चुअल दुनिया का प्रतिनिधित्व करता है। इसमें लोग वास्तविक नहीं बल्कि वर्चुअल रूप से मौजूद रहते हैं। यह वास्तविक और डिजिटल सच्चाइयों के बीच की सीमाओं को धुंधला कर देता है। यह व्यवसायों, सामाजिक संस्कृति और बातचीत और मनोरंजन के लिए बड़ी संभावनाएं प्रदान करता है। लेकिन हर चीज कीमत चुकाने और उससे जुड़े जोखिमों से मुकाबला करने के बाद ही मिलती है। वर्चुअल पहचान की चोरी, फिशिंग घोटाले और वर्चुअल संपत्ति की चोरी इस तल्लीन वातावरण में संभावित खतरे हैं। इसके अलावा, मेटावर्स की विकेंद्रीकृत प्रकृति कानून प्रवर्तन प्रयासों को जटिल बना सकती है, जिससे सरकारों, प्रौद्योगिकी कंपनियों और साइबर सुरक्षा विशेषज्ञों के बीच सहयोग बढ़ाने की आवश्यकता होगी। मजबूत सुरक्षा मानकों को विकसित करना, उपयोगकर्ता शिक्षा को बढ़ावा देना और प्रभावी नियामक ढांचे को लागू करना साइबर अपराध को रोकने और एक सुरक्षित मेटावर्स अनुभव सुनिश्चित करने में सहायक होगा। जैसे-जैसे प्रौद्योगिकी हमारी दुनिया को नया आकार दे रही है, जी20 देशों को उद्योग, शिक्षा, सरकार और विषय वस्तु विशेषज्ञों के सहयोग से अपराध और सुरक्षा के संदर्भ में एनएफटी, एआई और मेटावर्स द्वारा उत्पन्न चुनौतियों का समाधान करने के लिए सक्रिय रूप से काम करने की आवश्यकता है।अंतरराष्ट्रीय सहयोग, मजबूत नियामक उपायों, तकनीकी नवाचारों और जन जागरूकता अभियानों के माध्यम से, बड़े पैमाने पर व्यक्तियों, व्यवसायों और समाजों के हितों की रक्षा करते हुए एनएफटी, एआई और मेटावर्स की परिवर्तनकारी शक्ति का उपयोग किया जा सकता है। नियामक ढांचे के अनुरूप इन उभरती प्रौद्योगिकियों के साइबर सुरक्षा वर्टिकल पर एक केंद्रित अनुसंधान और विकास दृष्टिकोण साइबर-सुरक्षित इको सिस्टम बनाने और हर स्तर पर इन प्रौद्योगिकियों को अपनाने को बढ़ावा देने में काफी मदद करेगा। असली उद्देश्य समाज को उभरते खतरों से सुरक्षित रखते हुए इन पथ प्रदर्शक प्रौद्योगिकियों की विशाल संभावना का दोहन करना होना चाहिए।

# मन की बात में श्रावण मास



लेखक
डॉ. दिलीप अग्निहोत्री

प्रधानमंत्री ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में बीती २२ जुलाई को प्रदेश में हुए रिकॉर्ड ३०.२१ करोड़ पौधरोपण अभियान की सराहना की। प्रधानमंत्री ने संदेश दिया कि इस तरह के कार्यक्रम जनभागीदारी के बिना नहीं हो सकते। योगी आदित्यनाथ ने अपने सरकारी आवास पर प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात कार्यक्रम को लाइव सुना। प्रशंसा के लिए उनका आभार व्यक्त किया। यह सच है कि प्रधानमंत्री की प्रेरणा से उत्तर प्रदेश में पौधरोपण 'जन-आंदोलन' का रूप ले चुका है। मुख्यमंत्री का कहना है कि हम सभी हरित उत्तर प्रदेश के निर्माण के प्रयास कर रहे हैं। इसी क्रम में 77वें स्वतंत्रता दिवस के

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम में विविध विषय शामिल होते हैं। वह देश में होने वाले विशेष कार्यों का उल्लेख करते हैं। इसके माध्यम से वह व्यापक संदेश देते हैं। लोगों को जागरूक करते हैं। इस बार उन्होंने श्रावण मास की चर्चा की। इसमें श्री काशी विश्वनाथ धाम और उज्जैन का उल्लेख किया। इसमें पौधरोपण और जल संरक्षण का भी संदेश था। अमेरिका से वापस मिलीं मूर्तियां मोदी की विदेश नीति की सफलता है। मुस्लिम महिलाओं को हज यात्रा की विशेष सुविधा प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री ने सऊदी अरब का आधार व्यक्त किया। 'मन की बात' में उत्तर प्रदेश के भी संदर्भ थे। इनका महत्व केवल इस प्रदेश तक सीमित नहीं था। बल्कि देश के लिए भी इनका महत्व है। शायद इसीलिए प्रधानमंत्री ने इनका विशेष रूप से उल्लेख किया। प्रधानमंत्री ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में बीती 22 जुलाई को प्रदेश में हुए रिकॉर्ड 30.21 करोड़ पौधरोपण अभियान की सराहना की। प्रधानमंत्री ने संदेश दिया कि इस तरह के कार्यक्रम जनभागीदारी के बिना नहीं हो सकते। योगी आदित्यनाथ ने अपने सरकारी आवास पर प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात कार्यक्रम को लाइव सुना। प्रशंसा के लिए उनका आभार व्यक्त किया। यह सच है कि प्रधानमंत्री की प्रेरणा से उत्तर प्रदेश में पौधरोपण 'जन-आंदोलन' का रूप ले चुका है। मुख्यमंत्री का कहना है कि हम सभी हरित उत्तर प्रदेश के निर्माण के प्रयास कर रहे हैं। इसी क्रम में 77वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर भी पांच करोड़ पौधरोपण के लिए संकल्पित हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने देश के लोगों से पौधरोपण और जल संरक्षण का आह्वान किया। इस भाव को पवित्र श्रावण मास से जोड़ा। कहा कि इस समय सावन का पवित्र महीना चल रहा है। सदाशिव महादेव की साधना और अराधना के साथ ही सावन हरियाली और खुशियों से जुड़ा होता है। इस महीने का सांस्कृतिक और आध्यात्मिक दृष्टिकोण से काफी महत्वपूर्ण है। इन दिनों बारह ज्योतिलिंगों में खूब श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। बनारस




में रिकॉर्ड तोड़ श्रद्धालु पहुंचे हैं। अब काशी में हर साल दस करोड़ से अधिक पर्यटक पहुंच रहे हैं। योगी आदित्यनाथ समय-समय पर काशी पहुंच कर वहां विकास कार्यों और तीर्थयात्रियों की सुविधाओं का जायजा लेते हैं। इसी प्रकार योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री के मेरी माटी, मेरा देश अभियान को प्रदेश में सफल बनाने का प्रयास शुरू कर दिया है। मन की बात में मोदी ने कहा कि इस अभियान के अंतर्गत गांव-गांव, कोने-कोने से 7500 कलश में माटी लेकर कलश यात्रा निकाली जाएगी। मिट्टी के अलावा पेड़ भी लाए जाएंगे। इसी के साथ दिल्ली में अमृत वाटिका का निर्माण किया जाएगा। प्रधानमंत्री ने अमृत सरोवर का भी उल्लेख किया। कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव के दौरान बने साठ हजार से ज्यादा अमृत सरोवरों मे भी रौनक बढ़ गई है। अभी पचास हजार से ज्यादा अमृत सरोवरों को बनाने का काम चल भी रहा है। उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश अमृत सरोवर निर्माण में नंबर वन है। स्वतंत्रता दिवस पर सभी अमृत सरोवर के किनारे पौधरोपण किया जाना है। प्रधानमंत्री मोदी ने मन की बात में मानसून के दौरान देश के कई राज्यों में बाढ़ की विभीषिका का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि हमने एक बार फिर से साहस और संकल्प का परिचय दिया है। इस संदर्भ में भी योगी आदित्यनाथ का कार्य उल्लेखनीय है। वह उज्जैन पर भी बोले। कहा, उज्जैन में देश के 18 चित्रकार, पुराणों पर आधारित आकर्षक चित्रकथाएं बना रहे हैं। ये चित्र, बूंदी शैली, नाथद्वारा शैली, पहाड़ी शैली और अपभ्रंश शैली जैसी कई विशिष्ट शैलियों में बनेंगे। इन्हें उज्जैन के त्रिवेणी संग्रहालय में प्रदर्शित किया जाएगा। इस क्रम में उन्होंने अमेरिका द्वारा वापस की गई मूर्तियों की चर्चा की। कहा कि ये मूर्तियां 2500 साल से लेकर 250 साल तक पुरानी कलाकृतियां हैं। चोल युग की कई मूर्तियां इसमें शामिल हैं। भगवान गणेश की 1000 वर्ष पुरानी प्रतिमा, उमा महेश्वर की मूर्ति जो 1100 वर्ष पुरानी है, पत्थरों से बनी दो जैन तीर्थंकरों की मूर्तियां, भगवान सूर्य देव की प्रतिमा को भी अमेरिका ने भारत को लौटाया है। इसमें एक कलाकृति 16वीं-17वीं शताब्दी की है जो समुद्र मंथन को दशार्ती है। मन की बात में मोदी ने कहा कि उन्हें उन मुस्लिम महिलाओं से भी बड़ी संख्या में पत्र मिले हैं जो हाल ही में 'हज' पूरा करके लौटी हैं। इन महिलाओं ने बिना किसी पुरुष साथी या 'मेहरम' के 'हज' किया। इनकी संख्या 4,000 से ज्यादा है। यह एक बहुत बड़ा बदलाव है।

# महिलाओं एवं बच्चियों के लापता होने की



लेखक
ललित गर्ग

राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो की ओर से संकलित आंकड़ों के अनुसार २०१९ से २०२१ के बीच यानी मात्र तीन वर्षों में देश भर में 13 लाख से अधिक लड़कियां और महिलाएं लापता हुई हैं। इन लापता होने वाली लड़कियों और महिलाओं में दलित, आदिवासी जनजाति की संख्या ज्यादा है। एक आदिवासी महिला के देश के राष्ट्रपति होने के बावजूद महिलाओं पर बढ़ते अपराध एवं लापता होने की घटनाएं अधिक चिन्ता का सबब है। विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर एवं दुनिया की तेजी से विकसित हो रही अर्थव्यवस्था का दावा करने वाले देश की महिलाएं मध्ययुग से भी ज्यादा सामंती सोच, असंवेदना, असुरक्षा, हिंसा, वीभत्स अपराधों और हवस की शिकार बन रही हैं। आज जब देश में हर मुद्दे पर बहस छिड़ जाना आम बात हो गई है, दर्जनों टी.वी. चैनल एक से ही सवाल पर घंटों बहस करते हैं, आम चुनाव की चौखट पर खड़े देश के राजनीति दल ज्वलंत मुद्दों के नाम पर सरकार को घेरने की तलाश में रहते हैं तो इतनी बड़ी संख्या में महिलाओं के लापता होने एवं यौन-उत्पीड़न के सवाल पर बहस क्यों नहीं छेड़ी जाती? बहस इस बात पर भी होनी चाहिए कि दिल्ली के निर्भया कांड के बाद महिलाओं की सुरक्षा से संबंधित कानूनों को कठोर किया गया लेकिन कानून बन जाने के बाद भी स्थितियां क्यों नहीं सुधरी हैं? चिन्ता का कारण है कि महिलाओं के विरुद्ध होने वाले अपराधों में कोई विशेष कमी आती नहीं दिख रही है। वे पहले की ही तरह यौन अपराधियों का शिकार बन रही हैं, लापता हो रही है।

मणिपुर में 19 जुलाई को दो महिलाओं को निर्वस्त्र कर गांव में घुमाने का वीडियो वायरल हुआ था, उस घटना ने देश-विदेश के सभ्य समाजों को झकझोर दिया है। अब ऐसी ही एक घटना पश्चिम बंगाल के मालदा में सामने आई है। यहां भीड़ ने दो महिलाओं की पिटाई की, फिर उन्हें अर्धनग्न कर दिया गया। यह घटना मालदा के बामनगोला पुलिस स्टेशन के पाकुआ हाट इलाके में हुई। दोनों पीड़ित महिलाएं आदिवासी हैं। जब उनकी पिटाई हो रही थी और कपड़े उतारे जा रहे थे तो पुलिस वहां मूकदर्शक बनी खड़ी हुई थी। बात केवल आदिवासी महिलाओं की नहीं है, बात केवल महिलाओं पर हो रहे अपराधों, यौन-उत्पीड़न, बलात्कार, हिंसा की भी नहीं है, बल्कि अधिक विचलित करने वाली बात महिलाओं एवं बच्चियों के लापता होने की है। राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो की ओर से संकलित आंकड़ों के अनुसार 2019 से 2021 के बीच यानी मात्र तीन वर्षों में देश भर में 13 लाख से अधिक लड़कियां और महिलाएं लापता हुई हैं। इन लापता होने वाली लड़कियों और महिलाओं में दलित, आदिवासी जनजाति की संख्या ज्यादा है। एक आदिवासी महिला के देश के राष्ट्रपति होने के बावजूद महिलाओं पर बढ़ते अपराध एवं लापता होने की घटनाएं अधिक चिन्ता का सबब है।

विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर एवं दुनिया की तेजी से विकसित हो रही अर्थव्यवस्था का दावा करने वाले देश की महिलाएं मध्ययुग से भी ज्यादा सामंती सोच, असंवेदना, असुरक्षा, हिंसा, वीभत्स अपराधों और हवस की शिकार बन रही हैं। आज जब देश में हर मुद्दे पर बहस छिड़ जाना आम बात हो गई है, दर्जनों टी.वी. चैनल एक से ही सवाल पर घंटों बहस करते हैं, आम चुनाव की चौखट पर खड़े देश के राजनीति दल ज्वलंत मुद्दों के नाम पर सरकार को घेरने की तलाश में रहते हैं तो इतनी बड़ी संख्या में महिलाओं के लापता होने एवं यौन-उत्पीड़न के सवाल पर बहस क्यों नहीं छेड़ी जाती? बहस इस बात पर भी होनी चाहिए कि दिल्ली के निर्भया कांड के बाद महिलाओं की सुरक्षा से संबंधित कानूनों को कठोर किया गया लेकिन कानून बन जाने के बाद भी स्थितियां क्यों नहीं सुधरी हैं? चिन्ता का कारण है कि महिलाओं के विरुद्ध होने वाले अपराधों में कोई विशेष कमी आती नहीं दिख



रही है। वे पहले की ही तरह यौन अपराधियों का शिकार बन रही हैं, लापता हो रही है। छेड़छाड, बलात्कार,. अपहरण, लापता होने और दुष्कर्म के मामले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं।

बड़ा प्रश्न है कि तमाम कानून एवं सुरक्षा व्यवस्थाएं होने के बावजूद आखिर इतनी बड़ी संख्या में लड़कियां और महिलाए कहां गायब हो रही हैं? यह वह प्रश्न है, जिसका उत्तर नीति-नियंताओं के साथ ही समाज को भी देना होगा, क्योंकि यह ऐसा मामला नहीं, जिसके लिए केवल सरकारों को कठघरे में खड़ा कर कर्तव्य की इतिश्री कर ली जाए। गायब होती लड़कियों और महिलाओं के मामले में समाज भी उत्तरदायी है। स्वयं को देश का भाग्य निमार्ता मानने वाले राजनीतिक दल भी इसके दोषी है। इन सबको अपने अंदर झांकना होगा और स्वयं से यह प्रश्न करना होगा कि आखिर ऐसा क्यों हो रहा है? इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि देश के कई हिस्सों में अभी बालक-बालिकाओं का अनुपात संतुलित नहीं हुआ है, क्योंकि कन्या भ्रूण हत्या का सिलसिला कायम है। यह सिलसिला कानूनों को कठोर करने के बाद भी कायम है।

गायब होने वाली लड़कियों में अच्छी-खासी संख्या नाबालिग लड़कियों की भी है। इसका मतलब है कि नारी सुरक्षा का मामला बहुत ही गंभीर है। यह मानने का कोई कारण नहीं कि 2021 के बाद स्थितियों में सुधार आया होगा, क्योंकि लड़कियों और महिलाओं के लापता होने या उनका अपहरण किए जाने अथवा बहला-फुसलाकर भगा ले जाने के समाचार आए दिन आते ही रहते हैं। महिलाओं के प्रति यह संवेदनहीनता एवं बर्बरता कब तक चलती रहेगी? भारत विकास के रास्ते पर तेजी से बढ़ रहा है, लेकिन अभी भी कई हिस्सों में महिलाओं को लेकर गलत धारणा है कि महिलाएं या बेटियां शोषण एवं उत्पीड़न के लिये ही हैं। एक विकृत मानसिकता भी कायम है कि वे भोग्य की वस्तु है? उन्हें पांव के नीचे रखा जाना चाहिए। यों लापता होने की घटनाएं आए दिन होने वाले जघन्य अपराधों की ही अगली कड़ी है, मगर यह पुरुषवादी सोच और समाज के उस ढांचे को भी सामने करती है, जिसमें महिलाओं की सहज जिंदगी लगातार मुश्किल बनी हुई है, संकटग्रस्त एवं असुरक्षित है। भले ही महिलाओं ने अपनी जंजीरों के खिलाफ बगावत कर दी है, लेकिन देश में ऐसा वर्ग भी है जहां आज भी महिलाएं अत्याचार का शिकार होती है। देश के अन्य हिस्सों की ही भांति गुजरात एवं मध्यप्रदेश में आदिवासी महिलाएं बड़ी संख्या में लापता हो रही है। भले एक खास महिला वर्ग ने आर्थिक मोर्चे पर आजादी हासिल की है, लेकिन एक बड़ा महिला वर्ग आज भी पुरुषप्रधान समाज की संकीर्ण एवं विकृत सोच का शिकार है।

## विधानसभा की प्राक्कलन समिति की बैठक 3 अगस्त को

**इंदौर।** मध्यप्रदेश विधानसभा की प्राक्कलन समिति की बैठक 3 अगस्त को शाम 4 बजे ब्रिलियंट कन्वेशन सेंटर में आयोजित की गई है। इस बैठक में नगरीय विकास एवं आवास, लोक निर्माण, परिवहन, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, नर्मदा घाटी विकास, जल संसाधन एवं खनिज साधन विभाग की गतिविधियों से संबंध में चर्चा की जायेगी। मध्यप्रदेश विधानसभा की प्राक्कलन समिति में विधायक श्री रामपाल सिंह सभापति हैं। इस समिति में विधायकगण श्री लक्ष्मण सिंह, कुंवर विक्रम सिंह, श्री तरूण भनोत, श्रीमती नीना विक्रम वर्मा, श्री चेतन्य कुमार काश्यप, श्री वीरेन्द्र रघुवंशी, श्री सुदेश राय, श्री मनोज नारायण सिंह चौधरी, श्री आलोक चतुर्वेदी तथा डॉ. हिरालाल अलावा सदस्य हैं। विशेष आमंत्रित के रूप में लोक लेखा समिति के सभापति श्री पी.सी. शर्मा शामिल होंगे। समिति के सदस्यगण 3 अगस्त को दोपहर साढ़े तीन बजे इंदौर आयेंगे। वे अगले दिन 4 अगस्त को सुबह 9 बजे इंदौर से महेश्वर के लिये रवाना होंगे।

# 11 वी राज्य स्तरीय थाई बाक्सिंग प्रतियोगिता में पीथमपुर धार की टीम पहले स्थान पर रही

फतवा समाचार ◈ धार

राज्य स्तरीय दो दिवसीय थाई बॉक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन धार में दिनांक 29-30 जुलाई को आयोजित किया गया। राज्य स्तरीय थाई बाक्सिंग प्रतियोगिता में पीथमपुर के खिलाडियों ने जीते कुल 21 पदक, जिसमे 15 स्वर्ण, 5 रजत, 1 कास्य हासिल किये प्रतियोगिता में कुल 250 खिलाडियो ने भाग लिया। जिस मे पीथमपुर (धार)पहले स्थान पर खंडवा दुसरे स्थान पर उज्जैन तीसरे स्थान पर रहा। संस्था स्व.श्री पुनाजी ठोसरे बहुउद्देशीय कल्याण समिती द्वारा संचालित श्री छात्रपति शिवाजी महाराज स्पोर्ट्स अकादमी के खिलाडियों ने एक बार फिर धार जिले का नाम किया रोशन। दो दिवसीय राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में राज्य के आठ जिलों ने भाग लिया कठिन मुकाबलों में नन्हें खिलाड़ियों का हौसला देखते ही बनता था।



पीथमपुर के खिलाड़ियों में स्वर्ण पदकों में देवराज खोदे, अरविंद कोडली, आयुष कोडली, विशाल कोडली, महेंद्र राजपूत , साहिल भाटिया ,प्रिंस तेकाम, अभिषेक सिंह, अपेक्षित सिंह,साहिल सोलंकी, धैर्य पाटिल, मोना साहू, दिव्यंशि बार्गल, पार्थ डोबले, सलोनी पवार, रजत पदको मे यश राज खोदे, राज कोडली, माही पाटिल, अरव पाटिल, रिया पाटिल वही कास्य पदको मे अंश यादव आदि प्रतियोगिता में मुख्य कोच में खुशाल खडसे, सतीश शर्मा, सतलेश शर्मा, सतीश बिरला, कुलदीप कानपूरिया ने मुख्य भूमिका निभाई। मध्य प्रदेश थाई बक्सिंग सचिव संदीप सैनी, थाई बॉक्सिंग एसोशियान उपाध्यक्ष राहुल बोरासी, थाई बोक्सिंग एसोसियेशन धार जिला अध्यक्ष धीरेन्द्र जायसवाल ने खिलाडियों को खेल के नियम से अवगत कराया । वही पुरुस्कार वितरन समारोह की अध्यक्षता काग्रेस प्रदेश महासचीव व धार कांग्रेस नेता कुलदीप सिंह बुंदेला, वरिष्ठ पत्रकार कैलाश चंद्र शर्मा, प्रेस क्लब पीथमपुर के संरक्षक अमीत त्रिवेदी, सचिव सुनील ठोसरे, चयन राठौर, महेश गर्ग, जितेंद्र पाटीदार, मितेश महाजन, डॉ विजय चौधरी, निकिता पाठक ने विजेता खिलाड़ियों को गोल्ड, सिल्वर, मैडल पहना कर खिलाड़ियों का हौसला बड़ाया। कुलदीप सिंह बुंदेला ने कहा की छोटे छोटे खिलाड़ियों के मेहनत व लगन का नतीजा है की राज्य में हमारा धार जिला प्रथम आया है।

# मगरपाटी बैराज सिंचाई परियोजना को मिली स्वीकृति

## मंत्री पटेल ने कहा- लंबे समय से की जा रही थी मांग, 455 हेक्टेयर होगा सिंचित

दिलीप शुक्ला ◈ बड़वानी

बडवानी विधानसभा क्षेत्र में जल संसाधन विभाग द्वारा मगरपाटी बैराज सिंचाई परियोजना को मंजूदी दी है। इस परियोजना को स?वीकृति मिलने से हजारों किसानों को फायदा होगा।

पशुपालन मंत्री प्रेम सिंह पटेल ने बताया कि मगरपाटी बैराज सिंचाई परियोजना की मांग लंबे समय से की जा रही थी। इस संबंध में शासन को पत्र भेज कर अवगत कराया गया था। इस परियोजना को स?वीकृति प्राप?त होने से क्षेत्र के किसान 455 हेक?टेयर से अधिक क्षेत्र में सिंचाई कर सकते हैं।

मंत्री पटेल ने बताया कि 781 लाख की लागत से शुरू होने जा रही सिंचाई परियोजना से क्षेत्र के किसानों को सिंचाई के लिए अतिरिक्त पानी मिलेगा, साथ ही सिंचाई का रकबा भी बढ़ेगा। मगरपाटी बैराज सिंचाई परियोजना की जल्द ही निविदा आमंत्रित कर शीघ्र ही परियोजना का कार्य प्रारंभ कराया जाएगा।



# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बमोरी कला में सितंबर माह से महिला सफाई कर्मचारी को नहीं मिली वेतन

फतवा समाचार ◈ टीकमगढ़

टीकमगढ़ जिले की तहसील पलेरा के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बमोरी कला में महिला सफाई कर्मचारी ने लगाए आरोप कि हमको सितंबर से वेतन नहीं मिलरही है और कहा कि हमको सिर्फ साडे ?4000 मिलती हो जिससे हमारे परिवार का कैसे भरण पोषण होगा और यही वेतन भी सितंबर माह से नहीं मिली और भी कर्मचारियों ने भी भी कहा कि हमको 2011 से साडे ?4000 मिलती है इसमें हमारे परिवार की एक माह की सब्जी भी नहीं आती है किस प्रकार हमारे परिवार का भरण पोषण होगा । इस बारे में जब हमारी मीडिया कर्मचारियों ने बीएमओ पलेरा से बातचीत की तो उन्होंने फोन पर बताया कि हम इसकी जांच करवाते हैं और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मीडिया कर्मचारियों ने जगह जगह देखा और लोगों से बातचीत की जिंदगी डिलीवरी या हो रही थी देखिए क्या बोलती है ।




# बड़वानी नगर पालिका रही पहले नंबर पर

## प्रधानमंत्री आवास योजना का विशेष अभियान

दिलीप शुक्ला ◈ बड़वानी

प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी का विशेष अभियान 7 से 30 जून तक चलाया गया। इस अभियान में नगर पालिका बड़वानी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम पुरस्कार जीता है। प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने भोपाल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान किया नपा का सम्मानित किया। भोपाल में आयोजित प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी अंतर्गत पूर्ण आवासों के गृह प्रवेश व सिंगल क्लिक के माध्यम से राशि वितरण कार्यक्रम के दौरान नगर पालिका बड़वानी सीएमओ भूपेन्द्र दीक्षित को पुरस्कृत किया। नगर पालिका बड़वानी के प्रांगण में उक्त कार्यक्रम का प्रसारण देखा गया।



## गोली मारने वाले आरोपी का मकान जमींदोज

**छतरपुर।** छतरपुर जिले के बिजावर में बीते दिन हुई हत्या के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी के मकान को मंगलवार को जमींदोज कर दिया है। इस दौरान मौके पर पुलिस प्रशासन के आला अधिकारी और भारी पुलिस बल मौजूद रहा। जानकारी के अनुसार, छतरपुर जिले के बिजावर थाना क्षेत्र के ग्वालियर गंज मुहल्ले में सोमवार को सरकारी जमीन पर स्टे लाने के विवाद के चलते एक 30 साल के युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। मामले में 5 लोगों को मुख्य आरोपी बनाया गया था, जिसमें इम्तियाज बेग मुख्य आरोपी था। बता दें कि कल हुए विवाद और गोलीबारी में 30 वर्षीय कल्लू उर्फ अमजद की हत्या कर दी गई थी। मामले में छतरपुर रढ अमित सांघी ने बताया कि मुख्य आरोपी के मकान को जमींदोज किया गया है। आरोपी के मकान का कुछ हिस्सा वन विभाग तो कुछ हिस्सा राजस्व की शासकीय जमीन पर बना हुआ था।



# दिव्यांगों को सहानुभूति नहीं मौका मिले : दीपेंन



बालकिशन विश्वकर्मा ◈ छतरपुर

प्रजापति ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय किशोर सागर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भोपाल से आए बीके दीपेंन भाई ने कहा कि अपने अभावों में भी स्वयं को कमजोर नहीं होने देते। वे अपना मार्ग स्वयं प्रशस्त करते हैं और दिव्यांगता को अपनी मजबूरी नहीं बनने देते। मूक होकर भी इशारों से सब कुछ बोल जाते हैं, बधिर होकर भी सब समझ लेते हैं, पंगु होकर भी जिंदगी की दौड़ में आगे निकल जाते हैं, दृष्टिहीन होकर भी मन की आंखों से सब कुछ देख लेते हैं।

इस कार्यक्रम में लवकुश नगर में रहने वाले अखिलेश मिश्रा जिनकी स्वयं की आंखों की रोशनी धीरे-धीरे मंद हो रही है दिखाई नहीं देता है फिर भी ऐसी स्थिति में भी वह बरोही ग्राम में जाकर बच्चों को निःशुल्क शिक्षा प्रदान कर रहे हैं। उनकी इस सेवा भावना के लिए छतरपुर ब्रह्माकुमारीज द्वारा उनको विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

इसके अलावा दिव्यांग होते हुए भी नेशनल व्हीलचेयर क्रिकेट विजेता एवं मैराथन में कई बार विजयी होने वाले बसंत कुमार, संतोष कुशवाहा, उमेश मौर्या, रिजवान खान को भी स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सामाजिक न्याय विभाग से एआई खान सहित अन्य अधिकारी गण, प्रगतिशील दिव्यांग संसार की समस्त शिक्षिका साधना असाटी, साइन लैंग्वेज शिक्षिका नीलम पटेल, सीडब्ल्यूएसएन से दिव्यांग बच्चों की शिक्षिका सुनीता अहिरवार, दिव्यांग हेल्प फाउंडेशन एवं विकलांग कल्याण समिति के युवा भाई, समाजसेवी संजय शर्मा, सत्यशोधन आश्रम संचालक देवेंद्र भंडारी एवं इन संस्थाओं के सभी बच्चे शामिल हुए।

सागर से आई बीके कल्पना बहन ने इस अभियान के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि ब्रह्माकुमारीज का यह अभियान पूरे मध्यप्रदेश में 15 दिनों से लगातार चल रहा है। इसकी शुरूआत भोपाल राजयोग भवन से की गई। इस अभियान का उद्देश्य दिव्यांगों को आंतरिक रुप से सशक्त एवं संरक्षित करना है। दिव्यांगों को सहानुभूति कि नहीं अवसरों की आवश्यकता है।

### कार्यो की सराहना

मुख्य अतिथि के रुप में पधारे समाजसेवी संजय शर्मा ने ब्रह्माकुमारीज द्वारा सिखाये जाने वाले मेडिटेशन एवं उसके कार्यों की सराहना की। छतरपुर सेवाकेंद्र प्रभारी बीके शैलजा ने अभियान की सफलता के लिए शुभकामनाएं व्यक्त की और सभी संस्थाओं से पधारे भाई बहनों का धन्यवाद किया। कार्यक्रम के अंत में ब्रह्मा कुमारीज द्वारा दिव्यांगों के लिए बनाई गई चित्र, प्रदर्शनी, गुणों पर आधारित सांप सीढ़ी द्वारा खेल खिलाए गए। बच्चों से पेंटिंग भी कराई गई और डांस करा कर सभी बच्चों को उत्साहित किया तत्पश्चात सभी को ईश्वरीय प्रसाद एवं बच्चों को भेंट दी गई।

## कलेक्टर ने प्रतिभागियों को दिया करियर मार्गदर्शन बोले-

# 'सफल होने के लिए आत्मविश्वास जरूरी'

फतवा समाचार ◈ छतरपुर

यूपीएससी सिविल सेवा की तैयारी हो या जीवन का कोई भी क्षेत्र, यदि हम सफलता प्राप्त करना चाहते हैं तो आत्मविश्वास के साथ-साथ बेहतर कौशल क्षमता, भावनात्मक समझ एवं उचित मार्गदर्शन का होना अत्यंत आवश्यक है।

यह बात कलेक्टर संदीप जीआर ने आयोजित कैरियर मार्गदर्शन एवं सम्मान समारोह में यूपीएससी सिविल सेवा की तैयारी करने वाले प्रतिभागियों के समक्ष कही। गई। यह कार्यक्रम प्रयत्न पहल के अंतर्गत आयोजित किया गया जोकि जिला प्रशासन छतरपुर के सहयोग से एक संस्था द्वारा संचालित एक सीएसआर पहल है।

खजुराहो के एक होटल में आयोजित समारोह में ओड़िशा लोक सेवा आयोग के भूतपूर्व चेयरमैन एलसी पटनायक, महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय की कुलपति शुभा तिवारी, सिविल सेवक आईआरपीएस अंजली बिरला एवं आईएएस संस्थान की निदेशक दीपाली दत्त चतुर्वेदी ने अपने अनुभव साझा किए।

एलसी पटनायक ने सशस्त्र बल में कार्य अनुभव को साझा करते हुए आत्मविश्वास के महत्व एवं आत्म संदेह निवारण में भूमिका पर विचार व्यक्त किए।

प्रोफेसर शुभा तिवारी ने एक अच्छा श्रोता होने के साथ साथ भावनात्मक समझ और बुद्धिमत्ता के महत्व को रेखांकित किया एवं सॉफ़्ट स्किल्स विकसित करने पर बल दिया। आईएएस संस्था की निदेशक ने सभी अतिथियों का धन्यवाद व्यक्त करते हुए कहा कि सोशल मीडिया और शार्ट रील्स के दौर में, छात्र अक्सर इस परीक्षा के लिए समन्वित और गहरी अध्ययन योजना बनाने में संघर्ष करते हैं और उनकी तैयारी खंडित हो जाती है।

इस समस्या का समाधान करने के लिए, उन छात्रों को जो इस प्रक्रिया में चयनित नहीं हो पाये हैं, उन्हें एक मुफ्त प्री-फाउंडेशन कोर्स मुहैया कराया जाएगा जो उन्हें मानकीकृत और मार्गदर्शित तैयारी प्रदान करेगा, जिससे उनके अध्ययन का एक सुगम दृष्टिकोण सुनिश्चित होगा।

विगत बार हुई प्रयत्न परीक्षा में चयनित हुए शैलेंद्र भाट ने छतरपुर में आईएएस संस्थान की सेवाओं का लाभ उठाकर, अपने पहले प्रयास में यूपीएससी प्रारंभिक परीक्षा में सफलता प्राप्त किया है। यह कार्यक्रम उन प्रतिभाशाली उम्मीदवारों पर ध्यान केंद्रित करने की कोशिश करता है, जो संसाधनों के आभाव में बड़े शहरों मे ना जा पाने के कारण गुणवत्ता शिक्षा से वंचित रह जाते हैं।






# अधिमान्य पत्रकार नेतृत्व समिति की बैठक जबलपुर में संपन्न



फतवा समाचार ◈ जबलपुर

अधिमान्य पत्रकार नेतृत्व समिति के अध्यक्ष डी, कुमार सोनी जी एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रमेश कुमार तिवारी जी एवं प्रदेश अध्यक्ष सुनील कुमार राय जी प्रदेश उपाध्यक्ष श्री ए ,के स्वर्णकार जी अधिमान पत्रकार नेतृत्व समिति के प्रदेश पदाधिकारियों की मुख्य उपस्थिति में बैठक 30 जुलाई समय 1:00 बजे संपन्न हुई जिसमें कई पदाधिकारी गण उपस्थित रहे है !यह बैठक जबलपुर में आयोजित हुई और सुनील कुमार राय ने सर्वसम्मति से अपनी समिति की घोषणा की जिसमें उन्होंने प्रदेश उपाध्यक्ष ,प्रदेश महामंत्री, प्रदेश सचिव प्रदेश कोषाध्यक्ष प्रदेश सह कोषाध्यक्ष ,प्रदेश सचिव, प्रदेश प्रवक्ता ,प्रदेश सह प्रवक्ता, प्रदेश मीडिया प्रभारी सह मीडिया प्रभारी एवं संगठन मंत्री सह संगठन मंत्री एवं प्रदेश सदस्य की घोषणा की इस बैठक में जिले एवं संभाग के पदाधिकारी उपस्थित रहे



# निजी कंपनी ने बगैर वेरिफिकेशन कराए नियुक्त किए 406 वेटरनरी डाक्टर

फतवा समाचार ◈ जबलपुर



दो माह पूर्व आरंभ पशुओं को मौके पर जाकर बेहतर उपचार देने पशुपालन विभाग की पशु संजीवनी वाहन सेवा में फर्जी डाक्टरों की नियुक्ति का मामला सामने आया है। प्रदेशभर में 400 से ज्यादा पशु एंबुलेंस के संचालन के लिए 400 से ज्यादा वेटरनरी डाक्टर और असिस्टेंट वेटरनरी फील्ड आफिसर (एवीएफओ) नियुक्त किए गए। निजी कंपनी ने उम्मीदवारों के शैक्षणिक दस्तावेजों की जांच वेटरनरी काउंसिल आफ इंडिया से कराए बगैर उन्हें नियुक्ति-पत्र प्रदान कर दिए। मामले के तूल पकड़ने के बाद कंपनी ने कई फर्जी डिग्री धारकों को डाक्टर के पद से हटाकर एवीएफओ के पद पर नियुक्त कर दिया। पूरा मामला सामने आने के बाद वेटरनरी कौंसिल आफ इंडिया (वीसीआइ) ने नाराजगी जाहिर की। वीसीआइ ने निजी कंपनी पर वेटरनरी डिग्री की अंकसूची का वैरीफिकेशन न कराए जाने से नाराज होकर पशुपालन विभाग को पत्र लिखा है। पशुपालन विभाग ने निजी कंपनी टी एंड एम को प्रदेशभर में संजीवनी वाहन सेवा के लिए 400 से ज्यादा वेटरनरी डाक्टर, एवीएफओ और ड्राइवर की नियुक्त की जिम्मेदारी दी थी। कंपनी ने नियम को ताक पर रखकर बड़े स्तर पर भर्ती कर ली। वेटरनरी विश्वविद्यालय के पास भी शिकायत पहुंची है। वेटरनरी विश्वविद्यालय जबलपुर से बैचलर आफ वेटरनरी साइंस की डिग्री लेने वाले अजय निगवाल की अंकसूची पर अजय कुमार प्रजापति ने अपना नाम और फोटा लगाकर पशुसंजीवनी वाहन सेवा में आवेदन किया। निजी कंपनी ने अजय प्रजापति को पन्ना के लिए वेटरनरी डाक्टर का नियुक्त पत्र जारी कर दिया। निजी कंपनी ने जिन डाक्टरों को पशु संजीवनी वाहन सेवा में तैनात किया है, उनकी अंकसूची राज्य वेटरनरी कौंसिल से सत्यापित नहीं कराई गई। इस वजह से कई उम्मीदवारों ने फर्जी डिग्री लगाकर वेटरनरी डाक्टर की नौकरी पा ली।

इस संबंध में शिकायत आई है और इस मामले को गंभीरता से लेते हुए इसकी जांच की जाएगी। हालांकि अंकसूची में 10 से ज्यादा क्रास चेक प्वाइंट हैं, जिसके आधार पर डिग्री की प्रमाणिकता की जांच की जा सकती है।

- डीन डा. आरके शर्मा, डीन, वेटरनरी कालेज

# आबकारी विभाग की कार्यवाई में अवैध शराब के 03 प्रकरण दर्ज

दुर्गेश बर्मन ◈ डिंडोरी



कलेक्टर विकास मिश्रा के निदेर्शानुसार जिले में अवैध मदिरा के विनिर्माण, संग्रहण, परिवहन व विक्रय के रोकथाम हेतु गत दिवस आबकारी विभाग द्वारा वृत्त डिंडौरी में अवैध शराब बिक्री संबंधी प्राप्त शिकायतों के आधार पर टीम बनाकर जांच किया गया। जिसमें रोशनी बाई पति रिंकू निवासी वार्ड न 15 डिंडौरी से 08 लीटर हाथ भट्टी मदिरा प्लेन जप्त किया गया। इसी प्रकार से धीरज पिता दलपत सिंह निवासी वार्ड न 15 डिंडौरी से 06 लीटर हाथ भट्टी मदिरा प्लेन, जगवती पति गोविंद झरिया वार्ड न 15 डिंडौरी से 05 लीटर हाथ भट्टी मदिरा प्लेन जप्त किया गया है।

इस प्रकार पंजीबद्ध प्रकरणों में जप्त 19 लीटर हाथ भट्टी शराब की अनुमानित कीमत 3800 रुपये है। उक्त सभी प्रकरण म.प्र. आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1) के तहत पंजीबद्ध किए गए हैं।

# भारतीय किसान संघ के पदाधिकारियों और कलेक्टर के साथ किसानों की समस्याओं को लेकर समीक्षा बैठक हुई आयोजित

दुर्गेश बर्मन ◈ डिण्डौरी



सोमवार को डिण्डौरी के कलेक्ट्रेट सभागार में भारतीय किसान संघ के पदाधिकारियों और कलेक्टर विकास मिश्रा के साथ किसानों की समस्याओं को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में भारतीय किसान संघ ने कलेक्टर को जिले के किसानों की विभिन्न समस्याओं को 30 बिन्दुओं के माध्यम से पत्र सौंपते हुए चर्चा की।

भारतीय किसान संघ जिलाध्यक्ष बिहारीलाल साहू ने बताया कि जिला डिण्डौरी के विद्युत विभाग में 35 के. व्ही. से 100 के. व्ही. एवं इससे अधिक पॉवर के ट्रांसफार्मर स्टॉक में रखा जावें, जिससे जिला डिण्डौरी अन्तर्गत किसी भी ग्राम में ट्रांसफार्मर खराब हो जाने पर तत्काल ट्रांसफार्मर 24 घण्टे के अन्दर बदला जा सके। वर्तमान स्थिति में जिला डिण्डौरी अन्तर्गत ग्रामों में ट्रांसफार्मर खराब हो जाने की दशा में विद्युत विभाग के संभागीय कार्यालय शहडोल से ट्रांसफार्मर लाई जाती है जिसके कारण ग्रामों में एक सप्ताह तक ट्रांसफार्मर नहीं बदला जा सकता जिसके कारण किसानों व ग्रामीणों को अंधेले में निवास व सिंचाई करने में परेशानी होती है। विद्युत विभाग अन्तर्गत संचालित फ्फ्फ्फ्ल योजना अन्तर्गत कम वोल्टेज वाले ट्रांसफार्मर को उपयोगिता के हिसाब से अधिक वोल्टेज वाला ट्रांसफार्मर लगाने का प्रावधान है। जिसके तहत डिण्डौरी जिले में सर्वे किया जाकर चयनित ट्रांसफार्मर तत्काल बदला जावे। जिसकी एक प्रति सूचना के रूप में सूची भारतीय किसान संघ जिला डिण्डौरी को प्रदान किया जायें। विकास खण्ड शहपुरा के ग्राम पंचायत देवगांव माल अन्तर्गत ग्राम मिलौड़ी में 700 की आबादी है जहां पर किसान ग्रामीण एवं विद्यार्थी रहते हैं किन्तु ग्राम में एक फेस कनेक्शन लगा है जिसके कारण ग्राम में लो वोल्टेज हमेशा बनी रहती है जिससे ग्रामीण, किसान व विद्यार्थियों का विभिन्न परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ऐसी स्थिति में ग्राम मिलौड़ी में 3 फेस कनेक्शन उपलब्ध करवाई जावें । विकास खण्ड शहपुरा अन्तर्गत ग्राम बिजौरी में सिचिंत कृषि भूमि हैं जहां पर दो फेस कनेक्शन होने के कारण पर्याप्त बिजली न मिल पाने के कारण ग्रामवासी व किसान परेशान है जहां पर 3 फेस कनेक्शन किया जावें ताकि ग्रामवासियों एवं किसानों को पर्याप्त बिजली मिल सकें। विकास खण्ड शहपुरा के ग्राम कछारी माल के मेल्दा टोला में 8-10 परिवार निवासरत है जिन्हें बिजली कनेक्शन दी जाये।

जिला डिण्डौरी अन्तर्गत जल संसाधन विभाग के तहत निर्मित समस्त छोटे बड़े समस्त बांधों की सूची एवं सिंचाई क्षेत्र का मानचित्र भारतीय किसान संघ जिला डिण्डौरी को प्रदान किया जावे, ताकि नहरों की गुणवत्ता युक्त व गुणवत्ताहीन की जानकारी प्राप्त हो सके। विकास खण्ड शहपुरा अन्तर्गत ग्राम शक्तिभगदू बांध में 02 वर्षो से गेट खराब है जिससे लगातार बांध का पानी बारह मास बहता रहता है जिस कारण से किसानों को सिंचाई हेतु बांध में पानी न रूकने के कारण किसानों को पानी प्राप्त नही हो पाने से कृषि कार्य प्रभावित रहता है। बांध से निकली नहरें टूटी फूटी पड़ी है जिसका पाईपलाईन डालकर मरम्मतीकरण करवाई जायें। विकास खण्ड शहपुरा अन्तर्गत ग्राम बिजौरी में निर्मित नहर टूटी फूटी होने के कारण किसानों के खेत दलदल हो जाता है एवं नहर को मानचित्र के अनुसार अंतिम छोर तक नहीं बनवाया गया है जिससे किसान रबी की फसल नही ले पाते। ऐसी स्थिति में नहरों का मरम्मतीकरण करवाया जाये। विकास खण्ड शहपुरा के बिलगढ़ा बांध में हार्न ( सायरन) की व्यवस्था की जावें जिससे बांध से पानी छोड़ते समय हार्न बजाई जावें जिससे जन-धन की हानि से बचा जा सके।

विकास खण्ड अमरपुर अन्तर्गत निर्मित भैंसवाही बांध की मरम्मतीकरण एवं मानचित्र के अनुसार नहरों का निर्माण करवाई जावें । विकास खण्ड शहपुरा अन्तर्गत कछारी माल बांध अन्तर्गत निर्मित नहर टूटी फूटी होने के कारण किसानों के खेत दलदल हो जाता है एवं नहर को मानचित्र के अनुसार अंतिम छोर तक नहीं बनवाया गया है जिससे किसान रबी की फसल नही ले पाते।ऐसी स्थिति में नहरों की मरम्मतीकरण एवं मानचित्र के अनुसार नहरों का निर्माण करवाई जायें। विकास खण्ड शहपुरा अन्तर्गत ग्राम कछारी माल में जलाशय की स्वीकृति 1992 में हुई थी जिससे 1000 एकड़ भूमि में सिंचाई हेतु प्रस्तावित कर मानचित्र तैयार किया गया है। परन्तु आज तक जलाशय का कार्य अधूरा है तथा नहर चालू न होने से किसान आज भी सिंचाई से वंचित है। जिला डिण्डौरी अन्तर्गत मुड़की बांध ( अझवार) नहर क्षतिग्रस्त होने के कारण किसानों को सिंचाई हेतु पानी उपलब्ध नही होने से नहर की मरम्मतीकरण कराया जावें। विकास खण्ड बजाग अन्तर्गत चकरार नदी में निर्मित बांध की पानी ग्राम आमाडोंगरी तक सप्लाई की गई है जिसे मरम्मतीकरण करवाकर व्यवस्थित तरीके से पानी सप्लाई करवाई जायें।जिला डिण्डौरी अन्तर्गत पी०एच०ई० विभाग द्वारा नल जल योजनांतर्गत निर्मित पानी टंकी एवं पाईपलाईन के माध्यम से जिस ग्रामों में पेयजल उपलब्ध करवाई जा रही है। उसकी एक सूची भारतीय किसान संघ को दिलवाई जावें।

# वल्नेरेवलटी मैपिंग के संबंध में सेक्टर आफिसर एवं सेक्टर पुलिस अधिकारियों का संयुक्त प्रशिक्षण आयोजित

दुर्गेश बर्मन ◈ डिंडौरी



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विकास मिश्रा ने आगामी विधानसभा निर्वाचन के मद्देनजर विधान सभा क्षेत्र क्रमांक 103 शहपुरा एवं 104 डिण्डौरी के लिए नियुक्त् किये गये। सेक्टर आफिसर एवं पुलिस अधिकारियों वल्नरेवलिटी मैपिंग के संबध में प्रशिक्षण प्रदान किया गया। बैठक में सेक्ट्रर आफिसर एवं पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि 2 अगस्त को निर्वाचक नामावली का प्रकाशन किया जाना है। सभी सेक्टर आफिसर इस दौरान अपने क्षेत्र में उपस्थित रहेंगें। साथ 3 से 10 अगस्त तक अपने क्षेत्र पर भ्रमण कर निर्वाचक नामावली से जुडे कार्यो को पूर्ण करायगें। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा समस्त सेक्टर आफिसर एवं पुलिस के सेक्टर अधिकारी अपने भ्रमण के दैरान पुनः वल्नरेवलिटी मैपिंग का परीक्षण करते हुए निर्धारित प्रपत्र में जानकारी संबंधित रिटर्निग आफिसर को रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगें। बैठक में पुलिस अधीक्षक, अपर कलेक्टर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, एस.डी.पी.ओ. एवं समस्त सेक्टर आफिसर एवं सेक्टर पुलिस अधिकारी के साथ निर्वाचन कार्यालय के कर्मचारी उपस्थित थे।

# मझौली नगर परिषद कर्मचारियों किया धरना प्रदर्शन

फतवा समाचार ◈ मझौली



नगर परिषद में कर्मचारियों ने किया धरना प्रदर्शन ।मझौली नगर परिषद में मंगलवार को नगर परिषद के कर्मचारियों ने एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया।कर्मचारियों ने अपनी विभिन्न मांगों के संबंध में यह प्रदर्शन किया था नगर परिषद के कर्मचारियों का कहना है, कि शासन प्रशासन के समक्ष अपनी मांगे लंबे समय से रखते आए हैं ।लेकिन इसके बाद भी उस पर ध्यान नहीं दिया गया जिसके चलते वह धरना प्रदर्शन करने मजबूर हो रहे हैं ।1 सितंबर 2016 तक के दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों का नियमितीकरण पुरानी पेंशन बहाली सहित अनेक मांगों को लेकर नगर परिषद के कर्मचारी धरना प्रदर्शन कर रहे हैं । कर्मचारियों का कहना है, कि शासन की योजनाओं को क्रियान्वित करने में वह महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं । लेकिन इसके बाद भी उस पर कोई ध्यान नहीं दिया जाता ,मध्यप्रदेश शासन जल्द ही उनकी मांगों पर विचार करें नहीं तो फिर वह आगे की रणनीति संगठन के द्वारा तैयार करेंगे जिसकी सारी जवाबदेही प्रशासन की होगी । सी.एम.ओ.राजेश भदोरिया -दौरा जानकारी दी गई की नगर परिषद के सभी कर्मचारियों ने मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन के लिए आवेदन दिया था,जिसकी जानकारी हमने ऊपर भिजवा दी थी । मझौली नगर परिषद के सीएमओ राजेश भदौरिया द्वारा बताया गया कि स्वच्छता के स्वरूप हमने जो 1 साल काम किया है ,जनता के बीच में उसको जाचने के लिए भोपाल से टीम मझौली नगर आई हुई है । सीएमओ भदोरिया ने नगर के सभी नागरिकों से अपील की हैं नगर परिषद से जो सुबह शाम गाड़ी चलती हैं ,उसमें सुखा और गीला कचरा अलग-अलग डालें और नगर को स्वच्छ बनाकर रखें । गाड़ी निकालने के बाद रोड पर कचरा बिल्कुल ना डालें नगर परिषद की ओर से जो दुकानदार बंधु रोड पर कचरा डालते हैं उनके उपर निगरानी की जा रही है । उन पर सजा या जुमार्ना दोनों हो सकते हैं, इससे बचने के लिए नियम का पालन करें और नगर को स्वच्छ बनाए रखें । जिस प्रकार से पिछले साल नगर में स्वच्छता अभियान के तहत 49 नंबर लगा था हमारी आशा है इसके हम ऊपर जाएं ।

# विकास कराना भाजपा ही जानती है :नरेंद्र सिंह तोमर




## भाजपा में बूथ स्तर के कार्यकताओं का सबसे ज्यादा महत्व : दीपक सोनी

फतवा समाचार ◈ मझौली

विजयराघवगढ़ विधानसभा के बरही नगर में भाजपा के सभी 6 मंडलों के कार्यकताओं का सम्मेलन केंद्रीय मंत्री एवं म.प्र.की विधानसभा चुनाव संचालन समिति के संयोजक माननीय श्री नरेंद्र सिंह तोमर जी के मुख्य आतिथ्य में हुआ इस अवसर पर श्री नरेंद्र सिंह तोमर जी ने पार्टी धवज का रोहण एवं दीप प्रज्वलित पितृ पुरुषों को पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया । इस दौरान विधायक श्री संजय पाठक सहित कार्यकताओं ने श्री तोमर सहित वरिष्ठों का पुष्प माला पहना कर स्वागत किया।

सम्मेलन के दौरान कार्यकताओं से संवाद करते हुए श्री तोमर ने कहा भाजपा एक कार्यकर्ता आधारित पार्टी है। यहां नेता बड़ा नहीं होता। बल्कि कार्यकर्ता बड़ा होता है। जो गांव से लेकर शहर, राज्य व देश का प्रतिनिधित्व करता है। इसी का नतीजा है कि आज भाजपा दुनिया का सबसे बड़ा राजनीतिक संगठन है। भारतीय जनता पार्टी ही एक ऐसा राजनैतिक दल है जो देश के विकास के साथ ही जनता का आर्थिक, सामाजिक विकास कर सकती है ।

हमारा दल कार्यकर्ता एवं विचार आधारित है राष्ट्र को परम वैभव की ओर ले जाना हमारा परम कर्तव्य है जिसके लिए हम सभी कार्य करते है । आज हमारा दल विश्व का सबसे बड़ा दल है इसमें हमारे पुराने कार्यकताओं का सबसे बड़ा योगदान है ।

हर कार्यकर्ता के लिए चुनाव राजनैतिक चुनौती है हमारा उद्देश्य चुनाव जीत कर सरकार बनाना बस नहीं हमारा उद्देश्य है जनता की सेवा। 2003 के पूर्व मध्यप्रदेश में सड़कों में गड्ढे थे या गड्ढों में सड़क,पता ही नहीं चलता था। आज मुझे बताते हुए खुशी है कि प्रदेश में हमारी सरकार ने 4 लाख कि.मी. सड़कों का निर्माण किया है। जनता का एक नारा हुआ करता था ₹जबतक रहेंगे दिग्गी तबतक रहेगी डिब्बी ₹आज घरों में चौबीस घंटे बिजली आती है, 46 लाख हैक्टेयर भूमि सिंचित हो रही है,घर घर तक लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध करा रहें है आज मप्र विकास के पथ पर तेजी अग्रसर है । हमारी सरकार ने लोगों का सीधा विकास किया है संबल योजना, मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना, कन्यादान योजना , लाडली लक्ष्मी योजना, लाडली बहना, आयुष्मान, प्रधानमंत्री आवास आदि आदि अनेक योजनाओं के माध्यम से जन जन तक हम सीधा लाभ दिला रहें हैं।

विधायक श्री संजय पाठक ने कहा आज देश एक साथ ही विजयराघवगढ़ में जो बदलाव दिखा है देव दुर्लभ कार्यकताओं की बदौलत है विजयराघवगढ़ के लोगों ने माननीय मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान जी से विकास के लिए जोभी मांगा 100 प्रतिशत मिला है अब हम सब कार्यकताओं का दायित्व है कि भारतीय जनता पार्टी को आनेवाले चुनाव में ऐतिहासिक मतों से विजयी बनाएं। जिलाध्यक्ष श्री दीपक टंडन सोनी ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि कार्यकताओं से ही पार्टी की नींव मजबूत होती है। हमारा बूथ स्तर का कार्यकर्ता अगर मजबूत होगा, तो पार्टी को कहीं भी कमजोरी महसूस नहीं होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हो केंद्रीय मंत्री श्री नरेंद्र सिंह तोमर जी हो या मुख्यमंत्री श्री शिवराज जी सभी पहले बूथ कार्यकर्ता थे और बूथ कार्यकर्ता जनता के कार्यो को अच्छी तरह से समझते हैं। इसलिए भारतीय जनता पार्टी अपने बूथ स्तर के कार्यकताओं को सबसे ज्यादा महत्व देती है। विधायक प्रणय पाण्डे ने कहा भाजपा की सरकार ने प्रदेश के हर वर्ग की खुशहाली के लिए बहुत कुछ किया है और अब जिम्मेदारी हम कार्यकताओं की है कि वह आने वाले चुनाव में एकजुट होकर प्रदेश सरकार की योजनाओं का इतना प्रचार-प्रसार करे जिससे की अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक उसका लाभ पहुंच सके।

# पूर्व मंत्री एवं विधायक शुक्ला ने 24.83 लाख की लागत से निर्मित 4 मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक का किया लोकार्पण

फतवा समाचार ◈ रीवा




विकास पर्व की श्रृंखला में पूर्व मंत्री एवं विधायक श्री राजेन्द्र शुक्ला ने 24.83 लाख रुपए की लागत से निर्मित 4 मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक का लोकार्पण किया। उन्होंने जोन क्रमांक 4 के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 45 में 12.81 लाख रुपए की लागत से स्वीकृत सड़क एवं नाली निर्माण का भूमिपूजन किया। पूर्व मंत्री एवं विधायक श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि वार्ड क्रमांक 45 में साकेत बस्ती के पास कुठुलिया में मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक का निर्माण हो जाने से वार्ड वासियों को सुविधाजनक ढंग से उपचार की सुविधा मिलेगी। बीमार व्यक्ति आकर संजीवनी क्लीनिक में बेहतर ढंग से अपना उपचार कराएंगे। उनको बुखार, सर्दी-खाँसी एवं अन्य बीमारियाँ होने पर चिकित्सक प्रभावी ढंग से उपचार कर दवाईयाँ निःशुल्क देंगे। उपचार के लिए उन्हें श्यामशाह चिकित्सा महाविद्यालय नहीं जाना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि आज 12.81 लाख रुपए की लागत से स्वीकृत सीसी सड़क एवं नाली के निर्माण का भूमिपूजन किया है। पहले यहाँ बारिश के समय पानी जम जाता था जिससे आवागमन प्रभावित होता था। कंक्रीट सड़क बन जाने पर आवागमन की सुविधा उपलब्ध होगी। सड़क के साथ ही गुणवत्तापूर्ण पक्की नाली का निर्माण किया जा रहा है जिससे बारिश का पानी निकल जाएगा। इससे क्षेत्र में जल भराव की समस्या का भी निदान होगा। उन्होंने कहा कि विकास पर्व के अंतर्गत नगर पालिक निगम क्षेत्र में चहुंमुखी विकास किया जा रहा है। जहाँ एक ओर हर वार्ड एवं मोहल्ले में आवागमन की सुविधा को देखते हुए चमचमाती सड़कें बनाई जा रही हैं वहीं दूसरी ओर गुणवत्तापूर्ण नाली का निर्माण भी किया जा रहा है। रीवा जिले में चल रहे विकास एवं निर्माण कार्यों से तस्वीर बदली है। अब विकसित एवं संपन्न जिले के रूप में रीवा को पहचान मिली है। जिला मुख्यालय में राष्ट्रीय स्तर के स्पोर्ट्स काम्पलेक्स का निर्माण कराया गया है। क्षेत्र में माखनलाल पत्रकारिता भवन का निर्माण पूर्ण हो गया है। कार्यक्रम में सीएमएचओ बीएल मिश्रा, शैलेन्द्र शुक्ला, संतोष पाण्डेय, ओमकार कुशवाहा, आकाश सोंधिया एवं स्थानीयजन उपस्थित रहे।

**12.81 लाख रुपए की लागत से सीसी सड़क का किया भूमिपूजन**

# आंगनवाड़ी बहनों का मानदेय बढ़ा कर मुख्यमंजी ने किया सराहनीय कार्य

फतवा समाचार ◈




महिला मोर्चा राष्ट्रीय प्रवास कार्यक्रम के अंतर्गत प्रथम दिन के प्रवास में पहला कार्यक्रम आंगनवाड़ी आशा कार्यकर्ता बहनों से संवाद किया। जिसमें बिहार प्रदेश की प्रदेश मंत्री आदरणीय अंजनी निषाद दीदी ने बहनों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी आंगनवाड़ी बहने हैं जो सरकार की तमाम योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने का काम करती हैं इसलिए माननीय मुख्यमंत्री जी ने उनकी चिंता करते हुए उनके मानदेय को बढ़ाकर उनके उत्साहवर्धन का काम किया है और इस तारतम्य उन्होंने गोद भराई का कार्यक्रम किया जहां पर कार्यक्रम की सिंगरौली जिले की महिला मोर्चा की प्रभारी नीलम पांडे जी प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य रामनिवास साह जी महिला मोर्चा के प्रभारी आदरणीय पूनम गुप्ता जी महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष आदरणीय सीमा जयसवाल जी वरिष्ठ भाजपा नेता आदरणीय मधु झा जी पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष आदरणीय राधा सिंह जी जिला उपाध्यक्ष आदरणीय आशा पांडे जी जिले की महामंत्री आदरणीय रिचा सिंह जी जिला मंत्री इतवारी देवी जी सवानमती कुशवाहा जी मालती उपाध्याय जी मंडल महामंत्री संध्या जी मंडल मंत्री कुसुम शाह जी पार्षद लालसा जी एवं भारी संख्या में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता आशा कार्यकर्ता बहनो के साथ मैं भी उपस्थित रही।

## जनसुनवाई में कलेक्टर ने की 140 आवेदन पत्रो पर जन सुनवाई



सूर्य प्रकाश त्रिपाठी ◈ सिंगरौली

कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जन सुनवाई में कलेक्टर श्री अरूण परमार के द्वारा 140 आवेदन पत्रो पर जन सुनवाई की गई। विदित हो कि कलेक्टर सभागार में आयोजित जन सुनवाई में जिले के विभिन्न अंचलो से आये 140 व्यक्तियो द्वारा अपनी समस्याओ से अवगत कराते हुये जन सुनवाई कर रहे कलेक्टर को अपना आवेदन दिया गया। जिस पर कलेक्टर द्वारा कई आवेदन पत्रो का जन सुनवाई में उपस्थित अधिकारियो के द्वारा त्वारित निराकरण कराया गया। तथा शेष आवेदन पत्रो को विभागीय अधिकारियो को आरे भेजते हुये निर्देश दिया गया कि निर्धारित समय सीमा में आवेदनो को निराकृत कर आवेदनकर्ता को अवगत कराये। जन सुनवाई में उपस्थित विभागीय अधिकारियो को निर्देश देते हुये कलेक्टर ने कहा कि जन सुनवाई में आने वाले आवेदनो पत्रो का निराकरण पूरी गंभीरता से करे। शासन की योजनाओ बंचित आवेदनकर्ताओ को उनकी पात्रता अनुसार योजनाओ के लाभ से लभान्वित कराये। आज की जन सुनवाई मे सर्वाधिक आवेदन जिले में कार्यरत औद्योगिक कम्पनियो में रोजगार दिलाने, भूमियो का उचित प्रतिकर दिलाये जाने के साथ ही अधिक आई विद्युत बिलो में सुधार कराने, पात्रता पर्ची में नाम जोड़ने से संबंधित प्राप्त हुये जन सुनवाई के दौरान संयुक्त कलेक्टर अरविंद झा, एसडीएम राजेश शुक्ला, डिप्टी कलेक्टर माईकल तिर्की सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

**कई समस्याओ का जन सुनवाई में उपस्थित अधिकारियो से कलेक्टर ने कराया निराकृत**

# मुख्यमंत्री 10 अगस्त को रीवा से लाड़ली बहना योजना की तीसरी किश्त का करेंगे अंतरण

फतवा समाचार ◈ रीवा

### गरिमामय एवं ऐतिहासिक कार्यक्रम में सभी अपनी सहभागिता निभाएं - विधानसभा अध्यक्ष
### विधानसभा अध्यक्ष श्री गौतम ने मऊगंज में लाड़ली बहना योजना की समीक्षा की




विधानसभा अध्यक्ष श्री गिरीश गौतम ने मऊगंज में लाड़ली बहना योजना की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि आगामी 10 अगस्त का दिन रीवा के लिए ऐतिहासिक होगा। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान इस दिन लाड़ली बहना योजना की तीसरी किश्त बहनों के खातों में डालेंगे। इस कार्यक्रम को गरिमामय एवं ऐतिहासिक बनाने में सभी अपनी सहभागिता निभाएं। उन्होंने कहा कि यह योजना महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण व सम्मान की रक्षा की योजना है। इस योजना से प्राप्त होने वाली एक हजार रुपए की राशि महिलाओं की रोजमर्रा की जरूरतों की पूर्ति में सहायक हो रही है। उन्होंने उन सभी अधिकारियों-कर्मचारियों को बधाई दी जिन्होंने अथक मेहनत कर इस योजना की पात्र महिलाओं का पंजीयन करते हुए उनके बैंक खातों का आधार से लिंक कराने व डीबीटी कराया जिससे सभी महिलाओं के खातों में उक्त राशि आ सकी।

विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि 21 वर्ष से अधिक आयु की महिलाओं का द्वितीय चरण में पंजीयन किया जा रहा है। इसमें जो भी दिक्कतें आ रही हों उसका स्थानीय स्तर से निराकरण करें तथा शासन स्तर से समस्या के निराकरण के लिए वह स्वयं प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रथम किश्त की राशि जिन हितग्राहियों के खातों में किन्ही कारणों से नहीं पहुंची है उस समस्या का भी निराकरण तत्काल कराएं। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ सौरभ सोनवणे ने बताया कि जिले में चार लाख से अधिक लाड़ली बहनों के खातों में राशि पहुंच चुकी है। द्वितीय चरण में पात्र हितग्राहियों का पंजीयन कार्य प्रगति पर है। उन्होंने इस कार्य में लगे अधिकारियों-कर्मचारियों को निर्देश दिए कि पात्र हितग्राहियों के पंजीयन कार्य में और गति दें ताकि रीवा में आयोजित होने वाले 10 अगस्त के कार्यक्रम से पूर्व शत-प्रतिशत हितग्राहियों का पंजीयन हो सके। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री जी के 10 अगस्त के रीवा प्रवास से पूर्व उत्साह का प्रगटीकरण जिले में हो इसके लिए विभिन्न आयोजन किए जा रहे हैं। 6 अगस्त से 9 अगस्त तक जिले में हस्ताक्षर अभियान, धन्यवाद ज्ञापन, वॉल पेंटिंग, चित्रकला एवं रंगोली प्रतियोगिताएं तथा सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया जाएगा। साथ ही 10 अगस्त के कार्यक्रम के लिए घर-घर जाकर आमंत्रण भी दिया जाएगा। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मऊगंज महावीर जाटव ने बताया कि मऊगंज जनपद की 82 ग्राम पंचायतों में प्रथम चरण में 29714 लाड़ली बहनों का पंजीयन हो चुका है। इनमें से लगभग पाँच सौ हितग्राहियों के खातों में किन्ही कारणों से राशि नहीं पहुंची है जिसका निराकरण किया जा रहा है।

## नाबालिग के साथ नाबालिग ने किया दुष्कर्म गर्भवती हुई तो हुआ खुलासा

**सतना।** सतना के सिविल लाइन थाना क्षेत्र में रहने वाली एक नाबालिग न केवल दुष्कर्म का शिकार हुई बल्कि वह गर्भवती भी हो गई। उसकी यह हालत करने वाला आरोपी भी नाबालिग ही निकला। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। हासिल जानकारी के मुताबिक सिविल लाइन थाना पुलिस ने मझगवां भट्ठा क्षेत्र में रहने वाले एक नाबालिग लड़के को नाबालिग से बलात्कार कर उसे गर्भवती बनाने के आरोप में गिरफ्तार किया है। आरोपी को उसकी नाबालिग उम्र के मद्देनजर बाल सम्प्रेषण ग्रह रीवा भेज दिया गया है। पुलिस ने बताया कि पीड़िता ने मंगलवार को परिजनों के साथ थाना पहुंच कर नाबालिग आरोपी के विरुद्ध शिकायत दर्ज कराई। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि आरोपी गत 11 मार्च से उसके साथ बलात्कार करता आ रहा है। उसने पीड़िता को झांसा दिया था कि वह उससे शादी कर लेगा।इसी बहाने मेलजोल बढ़ा कर वह पीड़िता को अपने घर बुलाता था और वहां उसका शारीरिक शोषण करता था।इसी दौरान वह गर्भवती हो गई। जब पीड़िता को इसका पता चला और उसने इसकी जानकारी आरोपी को दी तो न केवल उसने शादी की बात से इंकार कर दिया बल्कि पीड़िता को किसी से कुछ कहने अथवा थाना में रिपोर्ट करने पर जान से मार देने की धमकी दी।

## सतना के ट्रेन यात्रियों के लिए काम की खबर

## त्योहार पर दानापुर-एसएमवी, बेंगलुरु-दानापुर के बीच 5-5 फेरे लगाएगी एसी वीकली स्पेशल ट्रेन

फतवा समाचार ◈ सतना



रक्षाबंधन समेत आने वाले अन्य त्योहारों में रेल यात्रियों की संभावित भीड़ और सुविधा को देखते हुए दानापुर-एसएमवी बेंगलुरु-दानापुर के बीच स्पेशल ट्रेन शुरू की है। यह वातानुकूलित सुपर फास्ट वीकली स्पेशल ट्रेन दोनों तरफ से 5 फेरे लगाएगी। स्पेशल ट्रेन का लाभ पश्चिम मध्य रेलवे के सतना, जबलपुर एवं इटारसी स्टेशन से यात्रा करने वाले रेल यात्रियों को मिलेगा।

पश्चिम मध्य रेलवे के सीपीआरओ ने बताया कि गाड़ी संख्या 03241 दानापुर-एसएमवी बेंगलुरु एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन 25 अगस्त तक प्रत्येक शुक्रवार को दानापुर स्टेशन से दोपहर 15:00 बजे प्रस्थान करेगी। यह गाड़ी अगले दिन रात्रि 00:13 बजे सतना, 03:05 बजे जबलपुर, सुबह 07:00 बजे इटारसी और तीसरे दिन दोपहर 13:00 बजे एसएमवी बेंगलुरु स्टेशन पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 03242 एसएमवी बेंगलुरु-दानापुर एक्सप्रेस ट्रेन स्पेशल ट्रेन 27 अगस्त तक प्रत्येक रविवार को एसएमवी बेंगलुरु स्टेशन से 23:25 बजे प्रस्थान करेगी। यह गाड़ी अगले दिन सुबह 06:35 बजे इटारसी , 10:10 बजे जबलपुर और दोपहर 13:05 बजे सतना आएगी। वीकली स्पेशल ट्रेन तीसरे दिन रात 23:30 बजे दानापुर स्टेशन पहुंचेगी।

**इन स्टेशनों पर ठहराव :** यह गाड़ी रास्ते में दोनों दिशाओं में आरा जंक्शन, बक्सर, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन, प्रयागराज छिवकी, मानिकपुर, सतना, जबलपुर, इटारसी,नागपुर, बल्लारशाह,वारंगल, विजयवाड़ा, गुडूर, पेराम्बूर, काटपाड़ी, जोलारपेट्टई एवं बांगरपेट स्टेशनों पर रुकेगी। इस गाड़ी में 1 वातानुकूलित प्रथम श्रेणी, 04 वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी, 14 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी एवं 02 जनरेटर कार सहित कुल 21 कोच रहेंगे।

## ज्वेलर्स और हवाला कारोबारी के ठिकानों पर डीआरआई की दबिश

फतवा समाचार ◈ सतना

ज्वेलरी का भी व्यापार करने वाले सतना शहर के एक चर्चित हवाला कारोबारी और हुंडी दलाल के ठिकानों पर मंगलवार को भारत सरकार के रेवेन्यू इंटेलिजेंस विंग (डीआरआई) की टीम ने दबिश दे दी। दबे पांव आई टीम ने घंटों जांच पड़ताल की। सूत्रों के मुताबिक केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर व सीमा शुल्क बोर्ड के अंतर्गत काम करने वाली डायरेक्टर ऑफ रेवेन्यू इंटेलिजेंस की टीम मंगलवार को शहर के एक ज्वेलरी व्यापारी और चर्चित हुंडी दलाल महीप शाह के यहां गुपचुप तरीके से दबिश देने पहुंची। कारोबारी के मकान और दुकान में यूपी के रजिस्ट्रेशन नंबर की तीन गाड़ियों में पहुंची टीम ने घंटों जांच-पड़ताल की। महीप शाह और उसके पिता का नाम शहर में हवाला और हुंडी कारोबार को लेकर सुर्खियों में रहा है। इसके अलावा इनकी फर्म गोल्ड में भी डील करती है। सूत्र बताते हैं कि रेवेन्यू डिपार्टमेंट की इंटेलिजेंस विंग को दो नंबरी तरीके से 2 किलो गोल्ड सतना आने का इनपुट मिला था। इसी इनपुट के पीछे डीआरआई की टीम सतना पहुंची। टीम ने कहां - क्या किया और जांच पड़ताल में उसके हाथ क्या आया इस बारे में कोई अधिकृत जानकारी उपलब्ध नहीं हो सकी है। बता दें कि डायरेक्टर ऑफ रेवेन्यू इंटेलिजेंस की टीम भारत सरकार के केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (उइक्ळ) के अंतर्गत काम करती है। यह खुफिया विंग आग्नेयास्त्रों, सोना, मादक पदार्थों, नकली भारतीय मुद्रा, प्राचीन वस्तुओं, वन्यजीवों और पर्यावरण उत्पादों जैसे निषिद्ध की तस्करी को रोककर भारत की राष्ट्रीय और आर्थिक सुरक्षा को सुरक्षित करने का काम करती है। इसके अलावा, यह काले धन, वाणिज्यिक धोखाधड़ी और व्यापार आधारित काले धन के व्यापार के प्रसार को रोकने के लिए भी काम करती है।

# कलेक्टर ने सुनी 116 आवेदकों की समस्याएं, निराकरण के दिए निर्देश

नरेंद्र त्रिपाठी ◈ सीधी



जनसुनवाई में कलेक्टर साकेत मालवीय द्वारा 116 आवेदकों की समस्याओं को सुनकर उनके त्वरित निराकरण के निर्देश दिए गए हैं। जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर द्वारा गंभीर किस्म की शिकायतों पर समय-सीमा अंकित कर संबंधित विभाग को निश्चित समय अवधि में निराकरण के निर्देश दिए।

इसके साथ ही हितग्राहीमूलक योजनाओं से संबंधित शिकायतों को सीएम हेल्पलाईन पोर्टल में दर्ज करने के निर्देश दिए गए हैं, जिससे शिकायतों के निराकरण की बेहतर समीक्षा की जा सकेगी। इस दौरान श्री मालवीय द्वारा संबंधित उपखण्ड अधिकारी, तहसीलदार/नायब तहसीलदार एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत को फोन पर सम्पर्क कर समस्याओं के विषय में अवगत कराते हुए त्वरित निराकरण के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा लोगों की समस्या के त्वरित निराकरण करने की मंशा से जनसुनवाई का आयोजन किया जाता है। इसे पूरी गंभीरता से लें तथा प्राप्त समस्याओं का निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करायें। इस अवसर पर जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। आज आयोजित जनसुनवाई में समस्त उपखण्ड अधिकारी, तहसीलदार और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत भी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जिला स्तरीय जनसुनवाई से जुड़े रहे।

## जनसुनवाई में आए 163 आवेदन कलेक्टर ने सुनी आवेदकों की फरियाद

**रीवा।** रीवा कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में मंगलवार को सप्ताहिक जन सुनवाई का आयोजन किया गया। यहां कलेक्टर प्रतिभा पाल ने 163 आवेदकों की फरियाद सुनी है। आवेदकों से प्राप्त शिकायतों को निराकरण के लिए संबंधित जिला अधिकारियों के पास भेज दिया गया है। जन सुनवाई में सीमांकन, नामांतरण, जमीन विवाद की सबसे ज्यादा शिकायतें आई है। जिनको तत्काल निकाकरण के निर्देश दिए गए है। इसी तरह अतिक्रमण, रास्ता खुलवाने, मुआवजा दिलवाने, खसरे में इन्ट्री करवाने के आवेदन आए है। जिपं सीईओ सौरभ सोनवड़े, अपर कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह, डिप्टी कलेक्टर राजेश सिन्हा और श्रेयास गोखले ने भी जन सुनवाई की। त्रिवेणी प्रसाद साकेत ने आवेदन दिया। कहा कि परसवाह ग्राम में उनकी भूमि पर छोटेलाल ने अतिक्रमण कर बाड़ी लगा ली है। शौचालय हेतु भूमि में



गड्ढे का निर्माण भी करा लिया है। उन्होंने बताया कि वे अपनी भूमि से आधा किलोमीटर दूर आवास में रहते हैं। उन्होंने भूमि का सीमांकन कराकर पथरगड्ढी भी करवा ली थी, लेकिन छोटेलाल ने पत्थरों को हटाकर उसमें अतिक्रमण कर लिया है। उक्त अतिक्रमण हटाया जाय। कलेक्टर ने अतिक्रमण हटाने के निर्देश तहसीलदार को दिए हैं। मनगवां के ग्राम बैकुण्ठपुर के भारतीय सिंह, राधारमण सिंह, रेखा सिंह एवं बिन्दु सिंह ने आवेदन दिया। कहा कि उनकी आराजी खसरा क्रमांक 916, 969, 970, 972, 973, 974, 975/1, 976 एवं 978 कुल 9 किता रकवा 7.105 हेक्टेयर में शिवरतन सिंह द्वारा फर्जी बंटवारा पुल्ली बनाकर, संबंधित पटवारी से सांठगांठ कर शिवरतन सिंह अपने नाम नामांतरण करा रहा है। इसे रोका जाय। कलेक्टर ने तहसीलदार सेमरिया व मनगवां को निराकरण करने के निर्देश दिए।

# कार्यालय में शराबखोरी मामले में एक कर्मचारी निलंबित, खाद्य विभाग कार्यालय में शराबखोरी का मामला



**भोपाल नप्र।** राजधानी के खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के मुख्यालय में शराबखोरी के मामले में एक कर्मचारी को निलंबित कर महज रस्म अदायगी की गई है, जबकि महिला कर्मचारी से नाइट करवाने के मामले में कोई कार्रवाई नहीं की गई है। मालूम हो कि यहां रात की पाली में महिला कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई थी, जबकि पुरुष वहीं शराब भी पी रहे थे। कार्रवाई के नाम पर सिर्फ एक कर्मचारी को निलंबित कर कर्तव्य की इतिश्री कर ली गई है। जबकि महिलाओं की रात में ड्यूटी लगाने वाले जिम्मेदार अधिकारी पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

इधर, विभाग की संयुक्त नियंत्रक माया अवस्थी ने प्रयोगशाला प्रभारी संदीप विक्टर से जवाब तलब किया है। उन्होंने पूछा है कि शाम छह बजे के बाद महिला कर्मचारियों की ड्यूटी किसके आदेश से लगाई गई है। हालांकि वह इसका जवाब नहीं दे सके हैं।

जानकारी के अनुसार प्रयोगशाला प्रभारी की कार्यप्रणाली को लेकर अक्सर सवाल उठते रहे हैं। पूर्व में संयुक्त नियंत्रक अभिषेक दुबे ने संदीप विक्टर की कार्यप्रणाली को लेकर नाराजगी जताई थी। साथ ही उन्हें समय पर कार्यालय आने के निर्देश दिए थे। जब तक वह रहे, तब तक सब ठीक रहा, उनके जाते ही माहौल ज्यों का त्यों हो गया। कर्मचारियों ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया है कि प्रभारी कभी भी समय पर नहीं आते हैं। उनका कार्यालय एक बजे के बाद ही खुलता है। यही कारण है कि न तो खाद्य पदार्थों के नमूनों की जांच समय पर होती हैं और न ही जिलों को रिपोर्ट समय पर जारी हो पाती है। मालूम हो कि 28 जुलाई को इंटरनेट मीडिया पर वीडियो प्रसारित हुआ था। इसमें खाद्य एवं औषधि विभाग मुख्यालय में तकनीकी सहायक लखन मदनेकर अपने साथियों के साथ शराब पार्टी कर रहे थे।

जिस समय शराब पार्टी चल रही थी, उस समय महिला कर्मचारी लैब में नमूनों की जांच कर रही थी। अमूमन लैब में काम करने वाली महिला कर्मचारियों को शाम छह बजे के बाद नहीं रोका जाता है, लेकिन प्रयोगशाला प्रभारी अधिकारी संदीप विक्टर ने इन्हें जांच पूरा करने के निर्देश दिए थे। इस दौरान एक भी जिम्मेदार अधिकारी प्रयोगशाला में मौजूद नहीं था। इस बारे में खाद्य अधिकारी देवेंद्र वर्मा का कहना है कि कार्यालय में शराब पार्टी किए जाने का वीडियो सामने आया था। तकनीकी सहायक लखन मदनेकर को निलंबित किया गया है। साथ ही महिला कर्मचारियों को देर रात रोकने की भी जांच की जा रही है।

## हंगामे के बीच हटाया नगर निगम ने अतिक्रमण, मांस विक्रय करने वाले की दुकान व सुअर का बाड़ा तोड़ा

**भोपाल नप्र।** नगर निगम के अमले ने गोविंदपुरा के अन्ना नगर में रविवार को अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। इस दौरान अमले को स्थानीय लोगों के विरोध का सामना करना पडा। अमले ने एक सुअर का मांस विक्रय करने वाले कैलाश सोनकर की दुकान और सुअर के बाड़े को तोड़ दिया गया।

कैलाश के खिलाफ कई दिनों से नगर निगम के पास शिकायत पहुंच रही थी। वह खुले में सुअर का मांस काटकर बेचा करता था। इस विवाद का कारण मृत जानवरों के अवशेष खुले में ही फेंके जाते थे और उसके पास मंदिर था और लोगों की मंदिर जाते समय इसको लेकर काफी आपत्ति रहती थी। मामले में लोगों नगर निगम के बड़े अधिकारियों से शिकायत की थी। शिकायत के बाद ही बाड़े और दुकान को तोडने का काम किया गया। इस दौरान नगर निगम की कार्रवाई का विरोध करने की कोशिश भी की गई ,लेकिन विरोध काम नहीं आया।निगम अमले को देख कैलाश के परिवार की कुछ महिलाएं कार्रवाई का विरोध करने लगीं, लेकिन आसपास के रहवासी कार्रवाई के पक्ष में थे, जिनकी सहायता से अवैध अतिक्रमण हटाया गया। इस दौरान गोविंदपुरा थाने का पुलिस बल भी मौके पर मौजूद रहा है।

नगर निगम के अतिक्रमण अधिकारी नासिर खान ने बताया कि नगर निगम दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी जितेंद्र बंसल का एक सप्ताह पूर्व कैलाश सोनकर और उनके बेटों शुभम और राकेश से गंदगी खुले में न फेंकने को लेकर समझाइश दी थी,लेकिन वह नगर निगम के कर्मियों से उलटा विवाद करने लगा था। इसके बाद कैलाश के दोनों बेटों ने जितेंद्र के साथ मारपीट कर दी थी और कैलाश ने जितेंद्र को जान से मारने की धमकी दी थी।



मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के खातेगांव, देवास में रोड शो के दौरान विशाल जनसैलाब उमड़ा।

## इधर महिला ट्रेन से कटी, उधर पिता ने भी जहर खाया, सुसाइड नोट के आधार ससुराल वालों पर दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज

**भोपाल नप्र।** राजधानी के प्रमुख स्टेशन पर रविवार सुबह प्लेटफार्म नंबर एक पर एक महिला ने तमिलनाडु एक्सप्रेस से कटकर जान दे दी, वहीं इस दर्दनाक घटना का पता चलते ही ग्वालियर में महिला के पिता ने जहर खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। पिता की हालत गंभीर बनी हुई है। जीआरपी भोपाल ने महिला के पास मिले सुसाइड नोट के आधार पर महिला के पति, देवर, सास, सुसर और ममिया ससुर के खिलाफ दहेज हत्या को केस दर्ज कर लिया है। आरोपितों की तलाश की जा रही है। जीआरपी थाना प्रभारी हरीश त्रिपाठी ने बताया कि सुबह लगभग आठ बजे आरपीएफ थाने के पास महिला द्वारा खुदकुशी करने की सूचना मिली थी। मौके पर मिली डायरी के आधार पर महिला की पहचान छोला मंदिर के पास रहने वाली 26 वर्षीय किरण पत्नी आशीष द्विवेदी के रूप में हुई। शव के पास से एक डायरी बरामद हुई थी। उसमें महिला ने सुसाइड नोट लिखा था। जिसमें ससुराल के लोगों द्वारा दहेज के लिए प्रताड़ित करने के कारण जान देने की बात लिखी है। टीआई त्रिपाठी ने बताया कि डायरी में मिले फोन नंबर के आधार पर सुबह किरण के परिवार को लोगों से संपर्क किया गया था। कुछ देर बाद पता चला कि किरण के पिता ने कोई जहरीला पदार्थ खा लिया है। इस वजह से उन्हें गंभीर हालत में ग्वालियर के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। किरण द्वारा लिखे गए सुसाइड नोट के आधार पर आरोपित पति आशीष के अलावा किरण की सास, ससुर, देवर और ममिया ससुर के खिलाफ दहेज हत्या का केस दर्ज कर लिया गया है। आरोपितों की तलाश की जा रही है। जांच में पुलिस को पता चला कि मूलतः अटेल, जिला भिंड निवासी किरण की शादी वर्ष-2019 में छोला मंदिर के पास रहने वाले आशीष द्विवेदी के साथ हुई थी।

## विशिष्ट व सामान्य भाषा की अब होगी एक ही किताबें, अब अलग-अलग किताबें नहीं पढ़ेंगे आठवीं तक के छात्र

**भोपाल नप्र।** पहली कक्षा से लेकर आठवीं कक्षा तक के बच्चें के लिए अब विशिष्ट व सामान्य भाषा की अलग-अलग किताबें नहीं होंगी। छात्रों के लिए प्रथम, द्वितीय व तृतीय भाषा के लिए इस सत्र से एक ही किताब होगी। अब हिंदी या अंग्रेजी माध्यम के विद्यार्थी हो सभी को सिर्फ भाषा की एक ही किताब पढ़नी होगी। इस संबंध में राज्य शिक्षा केंद्र ने आदेश जारी कर दिए हैं। अब मप्र पाठ्यपुस्तक निगम को अंग्रेजी व हिंदी भाषा की एक -एक किताब ही प्रकाशित करनी होगी। इससे विद्यार्थियों का बोझ कम होगा। बता दें, कि यह बदलाव इसलिए किया गया है, क्योंकि माध्यमिक शिक्षा मंडल ने दो साल पहले दसवीं व बारहवीं में सामान्य व विशिष्ट भाषा की अनिवार्यता समाप्त कर दी थी। विशिष्ट एवं सामान्य भाषा में से विद्यार्थी कोई भी भाषा का चयन अपनी रूचि के अनुसार पढ़ाई कर सकता है। मप्र बोर्ड भाषा विषय को छोड़कर एनसीईआरटी की किताबों को संचालित करता है। इस बार एनसीईआरटी ने सामाजिक विज्ञान सहित अन्य विषय में कुछ चैप्टर और पाठ को कम किया है। इस सत्र में एनसीईआरटी ने छठवीं से आठवीं तक में सामाजिक विज्ञान में से कुछ पाठ कम किए हैं। एनसीईआरटी ने कुछ पाठ़ को कम किए हैं। इस कारण पिछले सत्र की मप्र पाठ्यपुस्तक निगम द्वारा मुद्रित पाठ्यपुस्तकों को स्कूल वाले मान्य नहीं कर रहे हैं। इस कारण राज्य शिक्षा केंद्र ने स्कूलों को पुरानी किताबों को मान्य करने के लिए निर्देश दिए हैं। इस बारे में राज्य शिक्षा केंद्र के संचालक धनराजू एस का कहना है कि अब पहली से आठवीं तक में विशिष्ट व सामान्य भाषा की अलग-अलग किताबें नहीं होंगी, बल्कि एक ही किताब होगी।

### संक्षिप्त खबरें

## नाले में मिली युवक की पैर बंधी लाश, गले में था रस्सी का फंदा



**भोपाल नप्र।** बागसेवनिया इलाके में उस समय सनसनी फैल गई जब लोगों ने यहां स्थित मीनाक्षी प्लेनेट सिटी के पीछे नाले में युवक की पैर बंधी हुई लाश सड़ी-गली हालत में पड़ी देखी। मिली जानकारी के मुताबिक बीती दोपहर करीब दो बजे पुलिस को सूचना मिली कि मीनाक्षी प्लेनेट के पीछे जाटखेड़ी की ओर जाने वाली सड़क से कुछ दूर नाले में युवक की लाश पड़ी है। खबर मिलने पर पहुंची पुलिस टीम के मुताबिक लाश कई दिन पुरानी थी, जिसके कारण उसमें कीड़े पड़ गए थे। मृतक के बाएं हाथ पर सूरज का निशान गुदा हुआ है। सीने पर सांप बना है। दीपाली नाम भी लिखा हुआ है। वही मृतक के दोनों पैर कपड़े की रस्सी से बंधे थे। रस्सी गले में बांधी गई है, जिससे पैर ऊपर की तरफ हो गए थे। पुलिस ने घटनास्थल की छानबीन के बाद शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवा दिया। पुलिस ने शुरुआती जांच के आधार पर मृतक की हत्या की आशंका जताई है। जांच में सामने आया है, कि युवक की हत्या कहीं और कर उसकी लाश को ठिकाने लगाने के लिए यहां लाकर फेंका गया है। अफसरों का कहना है, कि मौत के सही कारणों का खुलासा पीएम रिपोर्ट आने पर होगा। फिलहाल पुलिस शव की शिनाख्त के प्रयास कर रही है।

## किशोरी के अपहरण व रेप के मामले में 3 महीने से फरार आरोपी को दौर से किया गिरफ्तार

**भोपाल नप्र।** शाहपुरा थाना पुलिस ने नाबालिग किशोरी का किडनैप और रेप के मामले में 3 महीने से फरार चल रहे आरोपी को आखिरकार इंदौर से दबोच लिया है। आरोपी के साथी को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार इसी साल 17 अप्रैल को क्षेत्र में रहने वाली महिला ने सूचना देते हुए बताया कि उसकी 16 साल की बेटी संदिग्ध हालत में घर से बिना बताये लापता हो गयी है। मामला दर्ज कर पुलिस ने खोजबीन करते हुए लापता किशोरी एवं आरोपी विक्की ढाकसे उर्फ विक्की डोनल पिता रमेश ढाकसे (22) निवासी लक्ष्मण नगर शाहपुरा भोपाल को पूर्व में हरिद्वार उत्तराखण्ड से दस्तयाब/गिरफ़्तार कर लिया था। आगे की कार्यवाही के आधार पर पुलिस ने प्रकरण में अपहरण, दुष्कर्म, पाक्सो एक्ट की धाराओं का इजाफा कर आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया था।

# बड़े तालाब के ऊपर बनेगी सड़क आठ लेन सडक़ ढाई लाख वर्ग किलोमीटर ढंक जाएगा बड़ा तालाब

**भोपाल नप्र।** राजधानी में वीआइपी रोड के सामांतर एक नई सडक़ बनेगी। इस आठ लेन सडक़ का छह किलोमीटर का हिस्सा बड़े तालाब के ऊपर से होकर गुजरेगा। जिससे करीब ढाई लाख वर्गफीट तालाब ढंक जाएगा। इसके लिए कैचमेंट क्षेत्र में लगे सैकड़ों पेड़ों को भी काटना पड़ेगा। इसका निर्माण मप्र रोड डेवलपमेंट कार्पोरेशन (एमआरडीसी) द्वारा किया जाना है।

एमआरडीसी के अधिकारियों ने बताया कि आठ किलोमीटर लंबा एलिवेटेड कारिडोर कमला पार्क के पास से हलालपुरा बस स्टैंड तक बनेगा। शुरू होकर केबल स्टे ब्रिज के पास तक जाएगी।

कमला पार्क के पास एक रोटरी बनेगी और यहां से मौजूदा वीआईपी रोड के समानांतर सडक़ बनेगी। यह खानूगांव तक



यानी होटल इंपीरियल सेबरे तक जाएगी। इसे वीआईपी रोड के लेवल पर बनाया जाएगा। आगे सडक़ दो पार्ट में हो जाएगी। खानूगांव से बैरागढ़ की तरफ हलालपुर के पास तक सिक्स लेन एलिवेटेड रोड बनेगी। मुख्य सचिव की अध्यक्षता वाली समिति भी इसे मंजूरी दे चुकी है। अब यह कैबिनेट में जाएगा।

### एमआरडीसी को पीडब्ल्यूडी ने दिए थे तीन विकल्प

बता दें कि यातायात सुगम बनाने के लिए एलिवेटेड कारिडोर के निर्माण में पीडब्ल्यूडी विभाग ने तीन विकल्प तैयार कर प्रमुख सचिव के पास भेजा था। इसमें पहला विकल्प रोशनपुरा चौराहे से कमला पार्क तक 2.8 किलोमीटर एलिवेटेड कारिडोर का निर्माण प्रस्तावित था, इसमें 220 करोड़ रुपये खर्च होगा। दूसरा विकल्प कमलापार्क से खानूगांव तक फ्लायओवर और खानूगांव से हलालपुरा बस स्टैंड से रेलवे क्रासिंग पार करते हुए दाता कालोनी के पास स्टेट हैंगर तक पहुंचाना। वहीं तीसरा विकल्प यह है कि वर्तमान में वीआइपी रोड के सामांतर बेतरतीब मोड़ हैं, इन्हें नजरअंदाज करते हुए सीधा खानूंगाव तक फ्लायओवर का निर्माण करना।

### बड़े तालाब में बनेंगे 300 पिलर

बड़े तालाब के भीतर छह किमी छह लेन एलिवेटेड रोड के लिए 300 पिलर बनेंगे। वीआईपी रोड पर छोटा ब्रिज है जिसमें 30-30 मीटर पर छह पिलर हैं। केबल स्टे ब्रिज पर भी 4 पिलर तालाब के भीतर हैं। आम तौर पर 50 मीटर पर एक पिलर के हिसाब से बिज और एलिवेटेड रोड डिजाइन होते हैं। 6 किमी. में यह 300 होंगे। आधुनिकतम टेक्नोलॉजी का उपयोग करने पर 250 मीटर पर एक पिलर होगा यानी 24 पिलर होंगे। इसके अलावा स्लैब बिछाने और अन्य निर्माण भी तालाब के भीतर ही होंगे।

## जीएमसी में पीजी कर रही प्रेग्नेंट जूनियर डॉक्टर ने दवा का ओवरडोज लेकर किया सुसाइड




**भोपाल नप्र।** राजधानी भोपाल के कोयले का थाना इलाके में स्थित गांधी मेडिकल कॉलेज से पीजी कर रही महिला जूनियर डॉक्टर ने सुसाइड कर लिया।

शुरुआती जानकारी के मुताबिक मूल रूप से आंध्र प्रदेश की रहने वाली जूनियर डॉक्टर सरस्वती (27) पति जयवर्धन जीएमसी से गायनी में पीजी कर रहीं थी। उनकी पीजी की पढ़ाई लगभग पूरी होने वाली थी। मृतका के करीबी दोस्तों के अनुसार सरस्वती प्रेग्नेंट थीं। जानकारी के जूनियर डॉक्टर सरस्वती ने बेहोशी के इंजेक्शन का ओवरडोज लेकर आत्महत्या की है। फिलहाल खुदकुशी के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है।

घटनास्थल की जांच के बाद पुलिस ने वहां से कई चीजों को जप्त कर अपने कब्जे में ले लिया है। जांच पूरी होने के बाद ही खुदकुशी के सही कारणों का खुलासा हो सकेगा।

### स्कूल शिक्षा विभाग में वरिष्ठता के प्रभार का विरोध शुरू, सामने आने लगी गड़बड़ियां

# प्रधानाध्यापक को बना दिया व्याख्याता, अब उन्हें पढ़ाना होगा

**भोपाल नप्र।** स्कूल शिक्षा विभाग के वरिष्ठता के प्रभार में कई गड़बडियां सामने आई हैं। विभाग ने हाईस्कूल प्राचार्य से हायर सेकेंडरी व हायर सेकेंडरी प्राचार्य से सहायक संचालक की एक साथ व्यवस्थित सूची जारी नहीं की दोनों कैडर में करीब 1200 लोगों की सूची को एमशिक्षा मित्र पर अपलोड किया गया है। वहीं कुछ नामों के सिंगल आदेश जारी हो रहे है। विभाग की उक्त मनमानी प्रक्रिया से नाराज शिक्षकों ने नाराजगी जाहिर की है। विभाग ने कई प्रधानाध्यापकों को व्याख्याता का पदभार दे दिया है। इस कारण उन्हें अब स्कूलों में



पढ़ाना होगा। इसमें कुछ प्रधानाध्यापक अगले माह सेवानिवृत्त भी हो रहे हैं। वहीं कुछ स्कूल से सालों से अनुपस्थित शिक्षक को भी प्रमोशन सूची में नाम दे दिया गया है। सीएम राइज स्कूलों के प्रिंसिपल को अन्य स्कूल में भेज दिया गया। पहले से प्रमोट शिक्षकों को हाईस्कूल प्राचार्य की जगह व्याख्याता बना दिया गया। उच्च पदों का प्रभार मिलने के मामले में शिक्षकों की मुश्किलें कम नहीं हो रही हैं। इसमें कई तरह की विसंगति सामने आई है।

**एक साथ सूची जारी नहीं की जा रही है:** स्कूल शिक्षा विभाग में स्थानांतरण प्रक्रिया अब तक समाप्त हो जाना थी, लेकिन वर्तमान में वरिष्ठ पदों पर प्रभार देने की चल रही प्रक्रिया के कारण स्थानांतरण व पदस्थापना के कार्य देरी से चल रहे हैं। कई बार सूची को अपडेट कर फिर से वरिष्ठ पदों के प्रभार देने की पहली सूची जारी हुई। इसमें हाईस्कूल प्राचार्य से हायर सेकेंडरी प्राचार्य के करीब 800 व हायर सेकेंडरी प्राचार्य से सहायक संचालक के 450 अधिकारियों को वरिष्ठता के प्रभार दिया गया है। इन सूचियों में गड़बडियों को छुपाने के लिए विभाग ने एक साथ सूची जारी नहीं की है।

### कुछ इस तरह की गड़बडियां

एकीकृत शाला शासकीय हमीदिया बालक उमावि गिन्नौरी भोपाल में पदस्थ गणित विषय में व्याख्याता पद पर शिक्षक बालकृष्ण चौधरी पदस्थापना हुई है। फिर भी उनका पुराने स्कूल में संबंधित शिक्षक को दर्शाकर उच्च पदभार के अंतर्गत व्याख्याता पद के लिए उक्त सूची में रखा गया है।वहीं शासकीय हाईस्कूल अशोकनगर के प्रधानाध्यापक सुबोध श्रीवास्तव को व्याख्याता बना दिया गया। वहीं शासकीय माध्यमिक शाला चंद्रशेखरआजाद स्कूल के प्रधानाध्यापक को व्याख्याता बना दिया गया, जबकि ये 31 अगस्त को सेवानिवृत्त हो रहे हैं।

### गृहमंत्री ने दिए जांच के निर्देशः अंजू वाले केस में पुलिस की स्पेशल ब्रांच करेगी जांच

# अंजू के पाकिस्तान जाने पर सरकार को इंटरनेशनल कांस्पीरेसी का

**भोपाल नप्र।** फेसबुक पर बने अपने दोस्त से मिलने पाकिस्तान गई भारत की महिला अंजू मामले में सरकार गंभीर हो गई है। इस पूरे मामले में सरकार को इंटरनेशनल कांस्पीरेसी का शक है। गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने इस मामले में स्पेशल ब्रांच को जांच के निर्देश दिए है। गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने सोमवार को मीडिया से बातचीत में अंजू के मामले में



कहा कि जिस प्रकार अंजू की पाकिस्तान में आवभगत हो रही है, उससे कई शक पैदा हो रहा है। कई संदेह अंजू के पाकिस्तान पहुंचने पर पैदा हुए है। गृहमंत्री ने कहा कि



इसलिए मैंने स्पेशल ब्रांच को बारीकी से जांच के निर्देश दिए है। टीम इसकी कडियां जोडक़र जांच करेगी। कही अंजू के पाकिस्तान जाने के पीछे कोई इंटरनेशनल कांस्पीरेसी तो नहीं है।

### अमित शाह की आंधी चलना प्रारंभ हो गई

अमित शाह के मप्र दौरे पर बोले डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि अमित शाह हमारे नेता हैं, जिन पर पूरी पार्टी को गर्व है। अमित शाह आधुनिक भारत के लोह पुरुष है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को सर्वोपरि बताया है। साथ ही कहा है क, कार्यकर्ता ही सरकार बनाते हैं, मंच पर बैठे लोग नहीं बनाते। मिश्रा ने कहा कि प्रदेश में अब अमित शाह जी की आंधी शुरू हुई है। कई नेताओं के तंबू उखड़ा शुरू हो गए है। प्रशासनिक सर्जरी पर कांग्रेस के आरोपों पर गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि 15 महीनों में हजारों के ट्रांसफर करने वाली कांग्रेस सतत प्रक्रिया पर सवाल उठा रही है। जिन्होंने वल्लभ भवन का भ्रष्टाचार का अड्डा बना दिया, पूरा वल्लभ भवन दलालों से भरा दिया। वह पार्टी सतत प्रक्रिया पर सवाल उठा रही है। यह शोध का विषय है।

यह ग्वालियर जिले का मामला है। बता दें अंजू के पिता गया प्रसाद थामस मूल रूप से ग्वालियर के बोना गांव के रहने वाले है। शादी के बाद अंजू अपने पति अरविंद के साथ राजस्थान के भिवाड़ी में रहती थी। बताया जा रहा है कि अंजू ने पाकिस्तान में अपने प्रेमी नसरूल्ला से निकाह कर लिया है। उसके ईसाई धर्म छोडक़र इस्लाम धर्म कबूल करने की भी बात सामने आ रही है।

## 10 मौतों के बाद जागे अफसर

### खतरनाक झरना महादेव पानी में प्रवेश बंद

**भोपाल नप्र।** राजधानी के आसपास के पिकनिक स्पॉट पर खूब भीड़ लग रही है। वीकेंड पर अधिकतर जगहों पर भीड़ बढ़ जाती है। लोग डेंजर जोन में भी चले जाते हैं और अपनी जान दांव पर लगा देते हैं। ऐसे ही एक पिकनिक स्पॉट पर कई लोगों की मौत के बाद वहां जाने पर ही पाबंदी लगा दी गई है। बारिश के कारण मौसम सुहाना हो चुका है। हर कोई इस मौसम का लुत्फ उठाना चाहता है। यही कारण है कि राजधानी के आसपास के पिकनिक स्पॉट पर खूब भीड़ लग रही है। वीकेंड पर अधिकतर जगहों पर भीड़ बढ़ जाती है। लोग डेंजर जोन में भी चले जाते हैं और अपनी जान दांव पर लगा देते हैं। ऐसे ही एक पिकनिक स्पॉट पर कई लोगों की मौत के बाद वहां जाने पर ही पाबंदी लगा दी गई है। छुट्टी के दिन राजधानी वासी केरवा डैम, बडा तालाब आदि जगहों पर जा रहे हैं। रविवार को भी लोग केरवा पहुंचे जहां शहर वासियों ने पिकनिक मनाने के बहाने सारी हदें पार कर दी। यहां लोग डेंजर जोन में जाकर सेल्फी लेते हुए नजर आए तो कहीं छोटे-छोटे बच्चों को बहते पानी में नहलाते हुए दिखाई दिए। ऐसी ही लापरवाही के कारण यहां कई बार हादसे भी हो चुके हैं। कई मौतें भी हो चुकी हैं।

# भारत के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए वेस्टइंडीज टीम घोषित

**सेंट जॉन्स।** वेस्टइंडीज ने भारत के खिलाफ 27 जुलाई से केंसिंग्टन ओवल में शुरू होने वाली आगामी तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला के लिए राष्ट्रीय टीम की घोषणा कर दी है। टीम में स्टार बल्लेबाज शिमरोन हेटमायर और तेज गेंदबाज ओशेन थॉमस की वापसी हुई है।

हेटमायर लगभग एक साल से कैरेबियाई टीम के लिए नहीं खेले हैं, लेकिन इंडियन प्रीमियर लीग में राजस्थान रॉयल्स के साथ अच्छे प्रदर्शन के कारण उनकी वापसी हुई है, जिसमें उन्होंने 13 पारियों में कुल 299 रन बनाए थे। बाएं हाथ के बल्लेबाज ने दो साल में वेस्टइंडीज के लिए एकदिवसीय मैच नहीं खेला है, हेटमायर की आखिरी उपस्थिति जुलाई 2021 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 50 ओवर की प्रतियोगिता में थी।



## शिमरोन हेटमायर, ओशाने थॉमस की वापसी

इस बीच, तेज गेंदबाज थॉमस, जो आखिरी बार दिसंबर 2021 में वेस्टइंडीज के लिए खेले थे और हाल के दिनों में फिटनेस के मुद्दों के कारण टीम से बाहर हैं, को भी 15-खिलाड़ियों की टीम में नामित किया गया है। दूसरी ओर, तेज गेंदबाज जेडन सील्स और लेग स्पिनर यानिक कारिया को सर्जरी से पुनर्वास के बाद शामिल किया गया है, जबकि बाएं हाथ के स्पिनर गुडाकेश मोती भी टीम में शामिल हैं, जो चोट से उबर चुके हैं। मुख्य चयनकर्ता और वेस्टइंडीज के महान खिलाड़ी डेसमंड हेन्स भारत के खिलाफ वनडे सीरीज को लेकर उत्साहित हैं और उन्हें भरोसा है कि हेटमायर और थॉमस अच्छा प्रदर्शन कर सकते हैं। उन्होंने कहा, ह्नहम ओशेन और शिमरोन का समूह में वापस स्वागत करते हैं। उन्होंने कहा, ओशेन गति लाता है और नई गें से संभावित विकेट लेने वाला गेंदबाज है। शिमरोन की बल्लेबाजी की शैली विशेष रूप से पारी के मध्य चरण में बहुत कुछ प्रदान करेगी और वह एक संभावित 'फिनिशर' भी हैं। नियमित निकोलस पूरन और जेसन होल्डर श्रृंखला के लिए अनुपलब्ध हैं, विकेटकीपर बल्लेबाज शाई होप को एक बार फिर तीन मैचों के लिए कप्तान बनाया गया है। केंसिंग्टन ओवल 27 जुलाई और 29 जुलाई को वनडे सीरीज के पहले दो मैचों की मेजबानी करेगा। इसके बाद टीमें 1 अगस्त को ब्रायन लारा क्रिकेट अकादमी में तीसरे और अंतिम वनडे के लिए त्रिनिदाद जाएंगी।

**वेस्टइंडीज की टीम इस प्रकार है:** शाई होप (कप्तान), रोवमैन पॉवेल (उप-कप्तान), एलिक अथानाजे, यानिक कारिया, कीसी कार्टी, डोमिनिक ड्रेक्स, शिमरोन हेटमायर, अल्जारी जोसेफ, ब्रैंडन किंग, काइल मेयर्स, गुडाकेश मोती, जेडेन सील्स, रोमारियो शेफर्ड, केविन सिंक्लेयर, ओशाने थॉमस।

# कोहली और रोहित का वेस्टइंडीज के खिलाफ रन बनाने का क्या फायदा चयनकर्ता नहीं चाहते युवा खिलाड़ी चुनौती बनें : गावस्कर

वेस्टइंडीज और भारत के बीच क्वींस पार्क ओवल में खेला गया दूसरा टेस्ट सोमवार को पांचवें और आखिरी दिन बारिश की भेंट चढ़ने के बाद ड्रॉ रहा। डोमिनिका में पारी की जीत के बाद भारत ने सीरीज 1-0 से अपने नाम की। यह कैरेबियाई धरती पर भारत की लगातार 5वीं सीरीज जीत थी। टीम यहां पिछले 21 वर्षों में वेस्टइंडीज से कोई टेस्ट नहीं हारी है। हालांकि, लिटिल मास्टर सुनील गावस्कर ने फिर सीनियर बल्लेबाज विराट कोहली और रोहित शर्मा के चयन के पीछे और सीरीज में दोनों के रन बनाने के उद्देश्य पर सवाल उठाया। गावस्कर ने मिड डे के लिए अपने कॉलम में युवाओं की तुलना में बड़े नामों को अधिक समर्थन मिलने पर भी नाखुशी व्यक्त की।




### युवाओं को आजमाना बेहतर नहीं होता?

सुनील गावस्कर ने मिड डे के लिए अपने कॉलम में लिखा, वेस्टइंडीज के इस आक्रमण के खिलाफ रोहित और कोहली का रन बनाना यह सवाल पैदा करते हैं कि चयनकर्ताओं ने ऐसा क्या सीखा जो उन्हें पहले से नहीं पता था? क्या यह बेहतर नहीं होता कि कुछ युवाओं को आजमाया जाए और देखा जाए कि वे टेस्ट क्रिकेट में कैसा प्रदर्शन करते हैं। क्या चयनकर्ता नहीं चाहते कि युवा खिलाड़ी बड़े नामों को किसी भी तरह की चुनौती पेश करें।

उन्होंने सवाल किया कि क्या चयनकर्ता नहीं चाहते युवा खिलाड़ी बड़े खिलाड़ियों को चैलेंज दें? क्या चयन समिति के नए अध्यक्ष अजीत अगरकर के नेतृत्व में दृष्टिकोण में कोई बदलाव आएगा। वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से हार के बाद से ही गावस्कर टीम इंडिया की आलोचना कर रहे हैं। सुनील गावस्कर ने आगे कहा, ह्व अब जब अजीत अगरकर चयन समिति के अध्यक्ष बन गए हैं तो देखते हैं कि क्या भविष्य के लिए टीम बनाने के दृष्टिकोण में कोई बदलाव होता है? या फिर वही पुरानी कहानी जारी रहती है ह्व गावस्कर इससे पहले रोहित शर्मा की कप्तानी पर निराशा जाहिर कर चुके हैं। साथ ही उन्होंने राहुल द्रविड़ समेत कोचिंग स्टाफ जवाबदेही तय करने की मांग की थी।

# जापान ओपन 2023: श्रीकांत प्री क्वार्टरफाइनल में, आकर्षी कश्यप बाहर

**टोक्यो।** शीर्ष भारतीय खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत ने मंगलवार को यहां चल रहे जापान ओपन 2023 बैडमिंटन टूनामेंट में चीनी ताइपे के चाउ टीएन चेन को हराकर 16वें राउंड में प्रवेश किया। पूर्व विश्व नं. नंबर 1 श्रीकांत ने 43 मिनट तक चले राउंड 32 के मुकाबले में चाउ टीएन चेन को 21-13, 21-13 से हराया। विश्व चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता श्रीकांत का गुरुवार को राउंड 16 में हमवतन एचएस प्रणय और ऑल इंग्लैंड 2023 चैंपियन चीन के ली शी फेंग के बीच होने वाले मैच के विजेता से मुकाबला होगा। हालाँकि, आकर्षी कश्यप महिला एकल के शुरूआती दौर में शीर्ष वरीयता प्राप्त अकाने यामागुची से 17-21, 17-21 से हार गईं। मिश्रित युगल में रोहन कपूर और सिक्की रेड्डी को चीनी ताइपे के ये होंग वेई और ली चिया सीन से 21-18, 9-21, 18-21 से हार का सामना करना पड़ा।



# एशियाई खेलों के लिए पाकिस्तानी महिला टीम की घोषणा, अनूषा, शवाल नए चेहरे

**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने मंगलवार को चीन के हांगझोउ में होने वाले आगामी एशियाई खेलों के लिए राष्ट्रीय महिला क्रिकेट टीम की घोषणा कर दी है। टीम में बाएं हाथ की स्पिनर अनूशा नासिर और दाएं हाथ की बल्लेबाज शवाल जुल्फिकार को पहली बार शामिल किया गया है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) की मीडिया विज्ञप्ति के अनुसार, अनूशा और शवाल को आईसीसी अंडर19 महिला टी20 विश्व कप और इमर्जिंग महिला टीम एशिया कप में उनके अच्छे प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत किया गया है। 15 खिलाड़ियों की टीम में डायना बेग भी शामिल हैं जो इस साल जनवरी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे और अंतिम एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच में उंगली की चोट से उबरने के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी कर रही हैं। पाकिस्तान की महिला टीम ने 2010 में ग्वांगझू, चीन और 2014 में इंचियोन, दक्षिण कोरिया में आयोजित पिछले दो संस्करणों में स्वर्ण पदक जीते हैं, और जब वे इस साल के आयोजन में भाग लेंगी तो उनका लक्ष्य हैट्रिक बनाना होगा, जो 19 से 26 सितंबर तक होने वाला है। यह आयोजन टी20 प्रारूप में खेला जाएगा। पीसीबी ने कहा, ₹सलीम जाफर, मुख्य कोच मार्क कोल्स और कप्तान निदा डार की अगुवाई वाली महिला चयन समिति के बीच विचार-




विमर्श के बाद 15 सदस्यीय टीम को अंतिम रूप दिया गया। एशियाई खेलों से पहले, पाकिस्तान की महिलाएं 1 से 14 सितंबर तक कराची में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन टी20ई और तीन वनडे (आईसीसी महिला चैंपियनशिप 2022-25 का हिस्सा) वाली घरेलू श्रृंखला में भाग लेंगी। द्विपक्षीय श्रृंखला के लिए टीम की घोषणा उचित समय पर की जाएगी। इस बीच, पूर्व कप्तान बिस्माह मारूफ ने एशियाई खेलों से हटने का फैसला किया है क्योंकि आयोजन के नियम और विनियम एथलीटों को अपने बच्चों को ले जाने की अनुमति नहीं देते हैं। पीसीबी ने यह भी उल्लेख किया कि आईसीसी महिला टी20 विश्व कप में भाग लेने वाली आयशा नसीम ने खेल से संन्यास लेने की इच्छा व्यक्त की, जिसे बोर्ड ने स्वीकार कर लिया। मुख्य चयनकर्ता सलीम जाफर ने कहा, ₹एशियाई खेलों के लिए हमारी टीम पाकिस्तान में महिला क्रिकेट के भविष्य का प्रतिनिधित्व करती है। उभरती प्रतिभाओं और अनुभवी प्रचारकों के मिश्रण के साथ, मुझे उम्मीद है कि खिलाड़ी इस आयोजन में अच्छा प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने कहा, ₹एशियाई खेल हमारे युवा खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी प्रतिभा दिखाने का एक अनूठा अवसर प्रदान करते हैं। हमने एक ऐसी टीम तैयार करने के लिए एक रणनीतिक दृष्टिकोण अपनाया है जो उस स्थान की परिस्थितियों के अनुरूप होगी जहां मैच होंगे। एक ठोस टीम बनाने के लिए प्रत्येक खिलाड़ी की ताकत और खेल की परिस्थितियों के अनुकूल अनुकूलन क्षमता का भी आकलन किया गया है। महिला क्रिकेट की प्रमुख तानिया मलिक ने कहा, ₹एशियाई खेलों का हिस्सा बनना हमारी टीम के लिए एक उत्साहजनक अनुभव है। यह सिर्फ प्रतियोगिता के बारे में नहीं है; यह सौहार्द, खेल भावना और गर्व के साथ देश का प्रतिनिधित्व करने के बारे में है। हमारे खिलाड़ियों ने अविश्वसनीय समर्पण और कौशल दिखाया है, और अब उनके पास तीसरी बार प्रतिष्ठित खिताब जीतकर इतिहास बनाने का सुनहरा मौका है। उन्होंने कहा, ₹इस प्रतियोगिता के लिए बिस्माह मारूफ की सेवाएं न लेना टीम के लिए दुर्भाग्यपूर्ण है क्योंकि नियमों के कारण वह अपनी नवजात बेटी के साथ खेल गांव में नहीं जा पाएंगी।

# हीरो एशियन चैंपियंस ट्रॉफी चेन्नई 2023 के लिए 18 सदस्यीय भारतीय पुरुष हॉकी टीम घोषित



**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया ने हीरो एशियन चैंपियंस ट्रॉफी चेन्नई 2023 के लिए 18 सदस्यीय भारतीय पुरुष हॉकी टीम की घोषणा कर दी है। एशियन चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन 3 अगस्त से 12 अगस्त तक चेन्नई के मेयर राधाकृष्णन स्टेडियम में किया जाएगा। टूर्नामेंट के पूल चरण के दौरान भारत का सामना कोरिया, मलेशिया, पाकिस्तान, जापान और चीन से होगा। हीरो एशियन चैंपियंस ट्रॉफी चेन्नई 2023 महत्वपूर्ण हांगझोउ एशियाई खेलों 2023 के लिए तैयारी के रूप में भी काम करेगा। टीम का नेतृत्व शीर्ष ड्रैगफ्लिकर और डिफेंडर हरमनप्रीत सिंह करेंगे, जबकि मिडफील्डर हार्दिक सिंह टीम के उपकप्तान होंगे। पीआर श्रीजेश और कृष्ण बहादुर पाठक को गोलकीपर के रूप में नामित किया गया है। टीम चयन पर मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने कहा, हमने सावधानीपूर्वक एक ऐसी टीम चुनी है जिसमें आगे बढ़ने और हीरो एशियन चैंपियंस ट्रॉफी चेन्नई 2023 में अच्छा प्रदर्शन करने की क्षमता है।

चेन्नई में आगामी एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के लिए चुनी गई भारतीय पुरुष टीम में कुछ युवाओं और अनुभव का मिश्रण है। यह टीम के लिए एक रोमांचक चरण है क्योंकि हम स्पेन में 100वीं वर्षगांठ स्पेनिश हॉकी फेडरेशन-अंतरराष्ट्रीय टूनामेंट शुरू कर रहे हैं और इस टूनामेंट के बाद हीरो एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी चेन्नई 2023 में घरेलू मैदान पर खेलने के लिए सीधे चेन्नई के लिए उड़ान भरेंगे। चुने गए खिलाड़ी इस अवसर से उत्साहित हैं और अपने उत्साही घरेलू प्रशंसकों के सामने खेलने के लिए उत्सुक हैं।

### भारतीय टीम इस प्रकार है

गोलकीपर- पीआर श्रीजेश, कृष्ण बहादुर पाठक।

डिफेंडर- जरमनप्रीत सिंह, सुमित, जुगराज सिंह, हरमनप्रीत सिंह (कप्तान), वरुण कुमार, अमित रोहिदास।

मिडफील्डर- हार्दिक सिंह (उपकप्तान), विवेक सागर प्रसाद, मनप्रीत सिंह, नीलकंठ शर्मा, शमशेर सिंह।

फॉरवर्ड- आकाशदीप सिंह, मनदीप सिंह, गुरजंत सिंह, सुखजीत सिंह, एस कार्थी।

### सऊदी के क्लब का एम्बाप्पे को रिकॉर्ड ऑफर:

# अल हिलाल फ्रेंच प्लेयर के लिए 3 हजार करोड़ रुपए देने को तैयार




**लंदन।** फ्रांस के स्टार प्लेयर किलियन एम्बाप्पे के लिए सऊदी अरब के क्लब अल-हिलाल ने वर्ल्ड रिकॉर्ड ऑफर दिया है। सऊदी अरब के क्लब अल-हिलाल ने एम्बाप्पे को अपने क्लब में शामिल करने के लिए पीएसजी को 300 मिलियन यूरो यानी 3 हजार करोड़ रुपए देने का ऑफर दिया है। एम्बाप्पे इस समय फ्रांस के क्लब पेरिस सैंट जर्मन (पीएसजी) का हिस्सा है। पीएसजी ने एम्बाप्पे को क्लब के साथ बातचीत करने की परमिशन दी है। अगर एम्बाप्पे और सऊदी के क्लब के बीच यह डील होती है तो यह एक रिकॉर्ड ट्रांसफर फीस होगी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक अल-हिलाल ने ग्लोबल स्टार लियोनल मेसी को भी बड़ी राशि के सैलरी पर अपनी टीम में शामिल करने की पेशकश की थी। हालांकि, मेसी सऊदी नहीं गए और अमेरिकी क्लब इंटर मयामी में शामिल हो गए। पूर्व फुटबॉलर डेविड बेकहम अपने करियर के लास्ट फेज में इस क्लब से खेल चुके हैं। उन्होंने इस क्लब के ऑनर-शिप राइट्स भी खरीदे। पिछले कुछ समय ने पीएसजी क्लब और एम्बाप्पे के बीच विवाद की स्थिति बनी हुई है। दरअसल, ढरत्रॄ और एम्बाप्पे के बीच 2024 तक का कॉन्ट्रैक्ट है। अगर एम्बाप्पे 2024 में न क्लब छोड़ते है तो वह फ्री एजेंट बन जाएंगे। इस स्थिति में पीएसजी को एक भी पैसा नहीं मिलेगा। इस हालत में ढरत्रॄने एम्बाप्पे को अपना कॉन्ट्रैक्ट आगे बढ़ाने की मांग की थी, जिसे एम्बाप्पे ने ठुकरा दिया था। अब ढरत्रॄ ने एम्बाप्पे का नाम ट्रांसफर लिस्ट में कर दिया है, यानी PSG एम्बाप्पे के लिए दूसरे क्लब से बिड मांग रहा है।

# स्पाइसजेट को मिली बड़ी राहत, डीजीसीए ने बढ़ी हुई निगरानी व्यवस्था हटाई

**नई दिल्ली।** सस्ती विमानन सेवा मुहैया कराने वाली एयरलाइन कंपनी स्पाइसजेट को बड़ी राहत मिली है। नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने स्पाइसजेट की बढ़ी हुई निगरानी व्यवस्था हटा दी है। दरअसल, प्रतिकूल परिस्थितियों का सामना कर रही स्पाइसजेट को हाल ही में बढ़ी हुई निगरानी में रखा गया था। आधिकारिक सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि डीजीसीए ने स्पाइसजेट की बढ़ी हुई निगरानी व्यवस्था को हटा दिया है। डीजीसीए ने स्पाइस बोइंग 737 और क्यू-400 बेड़े में 11 स्थानों पर 51 स्पॉट चेक करने के बाद यह फैसला लिया है। इस दौरान कुल 23 विमानों का निरीक्षण किया गया और डीजीसीए की टीमों ने 95 बार अवलोकन किए। एयरलाइन कंपनी ने डीजीसीए के दिशा-निर्देशों के मुताबिक उचित कार्यवाही की, जिसके बाद स्पाइसजेट को डीजीसीए की बढ़ी हुई निगरानी व्यवस्था से हटा दिया गया है। गौरतलब है कि विमान नियामक डीजीसीए ने अपर्याप्त रखरखाव और पिछले साल मानसून के दौरान हुई घटनाओं के मद्देनजर स्पाइसजेट को अपनी बढ़ी हुई निगरानी में रखा था।




# 80 लाख लोगों को मिला इनकम टैक्स रिफंड

**नई दिल्ली।** वित्त वर्ष 2022-23 के लिए अब तक 4 करोड़ से ज्यादा इनकम टैक्स रिटर्न यानी आईटीआर दाखिल हो चुके हैं। आईटीआर भरने की आखिरी तारीख 31 जुलाई है। कई करदाताओं ने अभी तक अपना रिटर्न दाखिल नहीं किया है। हालांकि, जिन लोगों ने पहले ही अपना क्व्रळफ फाइल कर दिया है, इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने उन लोगों के बैंक अकाउंट में रिफंड वापस भेजना शुरू कर दिया है। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड के चेयरमैन नितिन गुप्ता ने सोमवार को बताया कि अब तक 80 लाख करदाताओं को रिफंड जारी किए हैं। आईटीआर फाइल करने के 15-20 दिनों के अंदर इनकम टैक्स डिपार्टमेंट रिफंड कर देता है। ऐसे में अगर आपने क्व्रळफ फाइल कर दिया है और आप का भी रिफंड बन रहा है तो आप घर बैठे रिफंड का स्टेटस चेक कर सकते हैं। उअ अभय शर्मा (पूर्व अध्यक्ष इंदौर चार्टर्ड अकाउंटेंट शाखा) कहते हैं कि हाल ही में कई बैंकों को दूसरे बैंकों में मर्ज किया गया है। ऐसे में कई बैंकों के IFSC कोड बदल गए हैं। अगर आपने इनकम टैक्स डिपार्टमेंट में अपने बैंक अकाउंट की जानकारी अपडेट नहीं की है तो आपका रिफंड अटक सकता है। जिस बैंक खाते में इनकम टैक्स रिफंड आना है उस बैंक खाते को प्री-वैलिडेट (पहले से सत्यापित) करा लें।




# कैट और मेटा ने 'व्हाट्सएप से व्यापार' साझेदारी का किया ऐलान

**मुंबई/नई दिल्ली।** देशभर में छोटे व्यवसायों को सशक्त बनाने के लिए कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) और मेटा के स्वामित्व वाले व्हाट्सएप ने अपनी पार्टनरशिप में 10 मिलियन व्यापारियों को डिजिटल रूप से प्रशिक्षित और कुशल बनाने का संयुक्त रूप से ऐलान किया है। कैट के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल ने सोमवार को समझौते के अवसर पर कहा कि इस साझेदारी का लक्ष्य देश के सभी 29 राज्यों में 11 भारतीय भाषाओं में हाइपर-स्थानीय डिजिटल प्रशिक्षण के साथ व्यवसायों के लिए विकास के अवसरों को उजागर करने के लिए डिजिटलीकरण प्रयासों को अंतिम व्यापारी तक पहुंचाना है। प्रवीण खंडेलवाल ने कहा कि हम 'व्हाट्सएप से व्यापार' कार्यक्रम पर मेटा के साथ अपनी साझेदारी का विस्तार करने के लिए उत्साहित हैं, जिसे भारत के 29 राज्यों में 10 मिलियन व्यापारियों को कौशल प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है। कैट महामंत्री ने कहा कि भारत में 40 हजार व्यापारी संगठनों से जुड़े करीब 8 करोड़ व्यापारियों के अपने व्यापक नेटवर्क का लाभ उठाते हुए कैट व्यवसायों को उनके स्टोरफ्रंट को डिजिटल बनाने और उनके 'डिजिटल' निर्माण में मदद करने के लिए आवश्यक ज्ञान से लैस करने के लिए व्यापक डिजिटल और कौशल प्रशिक्षण मुहैया कराने के लिए डिजाइन कार्यशालाओं की एक श्रृंखला देश भर में आयोजित करेगा।

# कोविड-19 कर्मचारियों को नियमितीकरण किया जाए मामा जी : चंदा राठौर

फतवा समाचार ◈ अनूपपुर




एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया,जहा पत्रकारों से चर्चा करते हुए कोविड 19 स्वास्थ्य संगठन की प्रदेश अध्यक्ष चंदा राठौर ने बताया कि मुख्यमंत्री के आव्हान पर कोविड-19 वैश्विक महामारी में हमने स्वयं के रोजगार को छोड़कर काम किया है मुख्यमंत्री द्वारा बजट का हवाला देकर सम्पूर्ण प्रदेश के समस्त कोविड-19 कर्मचारियों को ही पल में बेरोजगार कर दिया । चंदा राठौर ने प्रेस नोट जारी करते हुए कहा कि प्रदेश के समस्त कोविड- 19 कर्मचारियों का नियमितीकरण किया जाए।हमारे द्वारा विषम परिस्थितियों में अपनी जान को जोखिम में डालकर कोविड महामारी में फ्रन्ट लाईन पर आकर हमारे द्वारा पूरी लगन, ईमानदारी से सेवायें प्रदान की गई है।हमने अपनों को खोया है हमारे अपनों ने जान की आहुति दी है, देश एवं समाज के प्रति कुर्बान हुए हैं।हमारे समस्त कोविड-19 कर्मचारियों ने लगातार 12-12 घंटे तक पीपी किट पहनकर, भूखे प्यासे रहकर पीड़ितों की सेवा की है।हमारे समस्त कोविड- 19 कर्मचारी आप पत्रकार बंधुओं/मिडिया प्रतिनिधियों के माध्यम से सरकार से अनुरोध करना चाहते हैं कि हम सभी कोरोना योद्धाओं को नियमित किया जाए और हमें हमारा सम्मान वापिस किया जाए। कोरोना-19 में हम लोगों द्वारा लगातार दो वर्षों तक निःस्वार्थ भावना से कोरोना पीड़ितों की सेवा की गई।अब दो वर्ष बाद अचानक हम कोरोना योद्धाओं को सेवा से पृथक कर दिया गया है, जिससे हमारे परिवार का पालन पोषण नहीं हो पा रहा है, भूखों मरने की स्थिति निर्मित होती जा रही है।हमारे द्वारा नियमितीकरण की मांग को लेकर म.प्र. शासन के मंत्रीगणों, विधायकगणों से भी निवेदन किया गया है,परन्तु हमें मात्र आश्वासन ही दिया गया, इस संबंध में कोई ठोस कार्यवाही नहीं की गई है।हम शासन से मांग करते हैं कि शासन द्वारा नई भर्ती प्रक्रिया को रोक कर उन रिक्त पदों पर हमारी नियुक्ति कर नियमित किया जाए। हमारे समस्त कोविड- 19 कर्मचारियों की भर्ती एन. एच. एम. की गाईड लाईन के अनुसार जिले के कलेक्टर एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा समिति बनाकर एवं साक्षात्कार लेकर नियमानुसार भर्ती की गई थी । शासन द्वारा जिस दिन हमारे नियमितीकरण के आदेश जारी होंगे उस दिन हम समस्त कोविड-19 योद्धा सम्पूर्ण मध्यप्रदेश में एक साथ 10 हजार लोग रक्तदान शिविर लगाकर रक्तदान करेंगे तथा मृत्यु पश्चात देहदान का संकल्प लेंगे। प्रदेश अध्यक्ष का कहना है कि यदि सरकार द्वारा हमारी उक्त मांगों का निराकरण 01 अगस्त से 12 अगस्त 2023 तक नहीं किया गया तो हम सभी कोरोना योद्धा भोपाल में शांति पूर्वक आन्दोलन होंगे।

**वार्ता पर यह रहे उपस्थित**

सौरव बघेल,ओमकार राठौर ,डॉ अशोक गोविंद साहू,पंकज सोनी,अरुणेंद्र तिवारी एवं अनिल सोनी

# कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई में 65 आवेदकों ने प्रस्तुत किए आवेदन

## कलेक्टर ,जिपं सीईओ, संयुक्त कलेक्टर सहित अधिकारियों ने की सुनवाई

फतवा समाचार ◈ अनूपपुर




आम जन की समस्याओं के निराकरण के तहत कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार में मंगलवार को साप्ताहिक जनसुनवाई में 65 लोगों ने अपने आवेदन प्रस्तुत किए। जनसुनवाई कार्यक्रम में कलेक्टर श्री आशीष वशिष्ठ, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री तन्मय वशिष्ठ शर्मा, संयुक्त कलेक्टर श्री अजीत तिर्की सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने आवेदकों की समस्याओं को सुना तथा उनके आवेदनों पर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की।

आज जनसुनवाई में अनूपपुर बस्ती के श्री संजय श्रीवास्तव ने प्रधानमंत्री आवास योजना की दूसरी किस्त न मिलने, शासकीय कन्या शिक्षा परिसर कोतमा की भृत्य सावित्री शर्मा ने मानदेय भुगतान न होने, तहसील बुढ़ार के ग्राम रामपुर निवासी सुनील जायसवाल ने वेयर हाउस बरबसपुर में दिए गए ईट की राशि दिलाए जाने, नगर परिषद बरगवॉ ( अमलाई ) के वार्ड क्र. 09 की पार्षद श्रीमती अर्चना यादव ने वार्ड के रंजीत दफाई में जल संकट के निराकरण के संबंध में, जनपद पंचायत जैतहरी अंतर्गत ग्राम पंचायत छुलहा की सरपंच ने आंगनबाड़ी केन्द्र नगदहा हेतु आंगनबाड़ी भवन निर्माण की स्वीकृति दिलाए जाने, तहसील पुष्पराजगढ़ अंतर्गत ग्राम इटौर की रिंकी परस्ते ने अतिथि शिक्षक भर्ती के संबंध में, तहसील अनूपपुर के ग्राम धुम्मा निवासी देवेन्द्र कुमार सिंह ने लैम्पस प्रबंधक विनोद तिवारी द्वारा ऋण की राशि सहकारी खाते में न जमा करते हुए राशि गमन करने, तहसील अनूपपुर के ग्राम छिल्पा निवासी सिवसिया भरिया ने उनके पट्टे की भूमि पर दबंगों द्वारा जबरन जोते-बोए जाने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किए

# नवोदय विद्यालय की प्राचार्या सुश्री कविता को दी गई भावभीनी विदाई

फतवा समाचार ◈ अनूपपुर/अमरकंटक



मां नर्मदा जी की उद्गम स्थली पवित्र नगरी अमरकंटक में आज श्रावण सोमवार 31 जुलाई 2023 को जवाहर नवोदय विद्यालय अमरकंटक (अनूपपुर) की प्राचार्या सुश्री कविता सिंह का सेवानिवृत्ति और विदाई समारोह स्कूल के सभागार में आयोजित किया गया था। जिसमे स्कूल के सभी शिक्षकगण , छात्र व छात्राएं उपस्थित थे । नवोदय विद्यालय के बैंड टीम एवं स्काउट्स गाइड्स के साथ प्राचार्या महोदया का उनके आगमन पर भव्य स्वागत विद्यालय के सभागार में किया गया । इस अवसर पर विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक डॉ ए के शुक्ला ने पुष्पगुच्छ से उनका स्वागत किया , इसके उपरांत विद्यालय की विज्ञान शिक्षिका श्रीमती रेनू मर्सकोले ने शाल तथा श्रीफल से मैडम का अभिनंदन किया।

प्राचार्या महोदया ने नवोदय विद्यालय समिति में अपनी सेवाएं प्रथम जवाहर नवोदय विद्यालय नरसिंहपुर से सन 1990 से आरंभ किया था तब उन्हे शिक्षक के पद पर रहकर सेवाए दी थी । अमरकंटक जवाहर नवोदय विद्यालय में प्राचार्या ने अपनी सेवाएं 2008 से शुरू की थी और 31 जुलाई 2023 तक सेवाए देते हुए आज उनका पूरा स्टाफ , स्कूल के पूरे बच्चो ने विद्यालय में ही अपने मुखिया को भावभीनी बिदाई दी । इन 15 वर्षों के दौरान विद्यालय में अनेक क्षेत्रीय एवं राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रमों का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न सुश्री कविता सिंह की अगुवाई में संपन्न भी हुए है । इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों ने स्वरचित कविताओं का पाठन भी किया एवं अपने अपने विचारों को भी व्यक्त किया । विद्यालय के शिक्षकों ने भी अपने अपने विचार व्यक्त किए , जिसमें श्रीमती मुक्ता सरीन , विनोद चौहान , प्रवीण सिंह , कमलेश देवकते , मो. बाहिद शेख एवं डी. एस. सेंगर ने भी अपने विचार व्यक्त किए। प्राचार्या महोदया का उद्बोधन भी अत्यंत भावुक एवं प्रेरणादायक था । अमरकंटक नगर क्षेत्र से दो प्रबुद्ध नागरिक श्री मुन्नू पांडे एवं श्रवण उपाध्याय ने भी मां नर्मदा उद्गम की भव्य तस्वीर उपहार स्वरूप देकर प्राचार्या महोदया का सम्मान किया ।

# मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन 2 अगस्त से आम जनों के मध्य किया जाए वाचन

## कलेक्टर ने कोतमा विधानसभा क्षेत्र के बीएलओ की ली बैठक

फतवा समाचार ◈ अनूपपुर

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम अनुसार फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अर्हता तिथि 1 अक्टूबर की स्थिति में पुनरीक्षण कार्यक्रम संपन्न कराया जा रहा है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री आशीष वशिष्ठ ने मंगलवार को बीएलओ की बैठक ली। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री तन्मय वशिष्ठ शर्मा, डिप्टी कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दीपक पाण्डेय, तहसीलदार श्री ईश?वर प्रधान सहित बीएलओ उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर श्री आशीष वशिष्ठ ने मतदान के प्रतिशत को बढ़ाये जाने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए कार्ययोजना बनाने एवं मतदाता जागरूकता हेतु कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए निर्देशानुसार फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम अर्हता तिथि 1 अक्टूबर के संदर्भ में मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन 2 अगस्त को समस्त मतदान केन्द्रों में मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन कर मतदान केन्द्रों में आमजनों के मध्य वाचन किए जाने हेतु बैठक में उपस्थित समस्त बूथ लेवल अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

मतदाता सूची के प्रारंभिक प्रकाशन के साथ ही समस्त मतदान केन्द्रों में बूथ लेवल अधिकारियों के माध्यम से मतदाता सूची में नाम जोड़ने, विलोपन, एवं संशोधन किए जाने हेतु दावा-आपत्ति प्राप्त करने की कार्यवाही प्रारंभ कर दी जायेगी। उक्त अवधि के दौरान ऐसे मतदाता जिनकी आयु 01 अक्टूबर 2023 की स्थिति में 18 वर्ष पूर्ण हो रही हो, ऐसे मतदाता अपना नाम मतदाता सूची में शामिल करने हेतु आवेदन प्रारूप-06 में बूथ लेवल अधिकारी के पास आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं तथा जिनका नाम मतदाता सूची में सम्मिलित है किन्तु उनकी मृत्यु हो चुकी है ऐसे मतदाता का नाम मतदाता सूची से विलोपित करने हेतु आवेदन प्रारूप-07 में परिवार के सदस्यों द्वारा प्रस्तुत किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त नाम, पता, जन्म तिथि संशोधन एवं मतदान केन्द्र स्थानांतरण करने हेतु प्रारूप-08 भरकर संबंधित मतदान केन्द्र के बीएलओ के पास जमा कर सकते है। ये सभी फार्म बीएलओ के पास उपलब्ध है, जिन्हें अपने निवास क्षेत्र के मतदान केन्द्र में नियुक्त बीएलओ से निःशुल्क प्राप्त कर आवश्यक प्रविष्टियों को पूर्ण कर आवश्यक दस्तावेजों के साथ जमा कर पावती प्राप्त कर सकते हैं।

# नाबालिग लड़का-लड़की की संदिग्ध परिस्थिति में मौत

**शहडोल।** शहडोल जिले के जैतपुर थाना अंतर्गत अमहा गांव में एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहां नाबालिग लड़का और लड़की एक साथ फांसी के फंदे पर लटकते हुए मिले। जैतपुर पुलिस के अनुसार, अमहा गांव के समीप बहने वाली कुनुक नदी के किनारे पर दोनों ने मौत को गले लगाया है। दोनों नाबालिगों की मौत किन परिस्थितियों में हुई है? पुलिस इसकी जांच में जुट गई है। जैतपुर पुलिस मौके पर पहुंच गई है लेकिन दोनों के शव को अभी फांसी के फंदे से उतारा नहीं गया है। पुलिस के आला अफसरों ने शहडोल से एफएसएल की टीम समेत अन्य अधिकारियों को मौके के लिए रवाना किया है। ग्रामीणों ने बताया कि लड़का और लड़की दोनों साथ में निकले थे। लड़की पढ़ती थी वहीं लड़के ने पढ़ाई छोड़ दी थी। मौत के असली कारण का अभी पता नहीं चल सका है। मौके पर पुलिस परिजनों समेत ग्रामीणों से पूछताछ कर रही है। जिसके बाद दोनों की मौत का राज खुल सकेगा।

# बिना बताए बैठक से गायब होने वाले अफसरों का काटो वेतन, कार्य में लापरवाही नहीं करूंगा बर्दाश्त

## कलेक्ट्रेट सभागार में प्रभारी कलेक्टर हिमांशु चंद्र ने समय सीमा की समीक्षा बैठक की।

फतवा समाचार ◈ शहडोल



कलेक्ट्रेट सभागार में प्रभारी कलेक्टर हिमांशु चंद्र ने समय सीमा की समीक्षा बैठक की। इस दौरान प्रभारी कलेक्टर के तेवर सख्त दिखे। उन्होंने उन लापरवाह अधिकारियों का एक दिन का वेतन काटने और नोटिस जारी करने का निर्देश दिया जो बिना किसी सूचना के टीएल बैठक से गायब रहते हैं।

बैठक के दौरान प्रभारी कलेक्टर हिमांशु चंद ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सीएम हेल्पलाइन और समाधान ऑनलाइन प्रकरणों का निराकरण अधिकारी विशेष ध्यान देते हुए कराएं। सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों में हमारा जिला सबसे बेहतर प्रदर्शन करें ऐसा प्रयास करें।

प्रभारी कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सीएम हेल्पलाइन प्रकरण अधिकारी स्वयं गंभीरतापूर्वक संबंधित शिकायतकर्ता से बात करके निराकरण कराएं कोई भी प्रकरण अनअटेंडेंट ना रहे इसका भी ध्यान रखें। बैठक में प्रभारी कलेक्टर ने मृत व्यक्तियों के नाम बीपीएल सूची से नाम विलोपित करने के संबंध में जिला आपूर्ति नियंत्रक से जानकारी प्राप्त करते हुए जिले के सभी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायतों को निर्देशित किया कि जो भी सूची से नाम छूट गए हैं, इस सप्ताह उन नामों को विलोपित कर दिया जाए। साथ ही इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और कार्य को गंभीरता पूर्वक करें। बैठक में प्रभारी कलेक्टर ने खाद्यान्न वितरण प्रणाली के संबंध में जानकारी प्राप्त की, जिला आपूर्ति नियंत्रक ने बताया कि जून में लगभग 90% और जुलाई में लगभग 95% खाद्यान्न वितरण किया जा चुका है।

## गोभा स्कूल में छात्र की पिटाई का मामला

# स्कूल शिक्षा विभाग ने प्रिंसिपल को किया निलंबित, डीईओ बोले- जांच के बाद की कार्रवाई

फतवा समाचार ◈ सिंगरौली




**मान सिंह ने संभाला पदभार**

स्कूल में अब नए प्रिंसिपल मान सिंह ने सोमवार को अपना कार्यभार संभाल लिया। इस मामले में जिला शिक्षा अधिकारी एसबी सिंह ने बताया कि स्कूल के प्रिंसिपल पर यूनिफॉर्म को लेकर छात्र के साथ बेरहमी से मारपीट करने का आरोप लगाया गया था, जांच के बाद निलंबित कर दिया गया है।

स्कूल शिक्षा विभाग ने सिंगरौली में हाई स्कूल गोभा के प्रिंसिपल को 8वीं कक्षा के छात्र को शारीरिक दंड देने के आरोप में निलंबित कर दिया। बताया जा रहा है कि स्कूल के प्रिंसिपल ने 12 वर्षीय मासूम छात्र को बेरहमी से मारपीट कर अधमरा कर दिया था। छात्र को आनन फानन में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। मामला सामने आने के बाद शिक्षा विभाग ने जांच के आदेश जारी किए थे। इस मामले की जांच रिपोर्ट के आधार पर निलंबित करने का फरमान जारी कर दिया। वहीं प्रिंसिपल के खिलाफ थाने में भी मामला दर्ज किया। दरअसल, यह पूरा मामला सिंगरौली जिले के शासकीय हाई स्कूल गोभा का है। यहां 20 जुलाई को 8वीं क्लास में पढ़ने वाले छात्र के साथ स्कूल के प्रिंसिपल संतोष कुमार मिश्रा ने जमकर पिटाई कर दी। वजह भी अजीबोगरीब थी। 12 वर्षीय 8वीं के छात्र को स्कूल में यूनिफॉर्म दिया था और मना किया कर दिया कि वह किसी से न बताए। लेकिन अन्य स्कूल के छात्रों ने उससे यूनिफॉर्म के बारे में पूछा कि यह कहां से मिला है तो उसने बता दिया। अन्य छात्र भी शिक्षक से स्कूल यूनिफॉर्म की मांग करने लगे। प्रिंसिपल ने जब अन्य बच्चों से पूछा कि यूनिफॉर्म के बारे में उन्हें किसने बताया, तो बच्चों ने मनोज का नाम बताया। इसी बात से नाराज होकर प्राचार्य ने 12 वर्षीय मनोज की बेरहमी से पिटाई कर दी। इससे छात्र के सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में चोट पहुंची। आनन-फानन में छात्र को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। इसके बाद शिक्षा विभाग ने मामले को संज्ञान में लेकर जांच के आदेश जारी किया। जांच रिपोर्ट के आधार पर स्कूल का प्रिंसिपल को निलंबित कर दिया गया।

# अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट के मजदूरों का प्रदर्शन

## सुनवाई नहीं होने पर शुरू की भूख हड़ताल, मजदूर संघ के अध्यक्ष की तबीयत बिगड़ी

फतवा समाचार ◈ सीधी






सीधी जिले के रामपुर नैकिन जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम बघवार में अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट संचालित है। यहां के मजदूर 7 दिन से अपनी मांगों पर अड़े हुए हैं। इसको लेकर वे हड़ताल कर रहे हैं। उन्होंने कहा है कि जब तक हमारी मांगे पूरी नहीं होती है तब तक हम हड़ताल करते रहेंगे।

मजदूर संघ के अध्यक्ष निलेश तिवारी ने शुक्रवार को यह निश्चय किया कि प्रशासन उनकी बातें नहीं सुन रहा है, इसलिए उन्होंने हड़ताल को भूख हड़ताल में कन्वर्ट कर दिया है। यह हड़ताल 21 जुलाई से चल रही है। जहां अपनी 6 प्रमुख मांगों को लेकर मजदूर हड़ताल पर बैठे हुए हैं। भूख हड़ताल में बैठे नीलेश तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया है कि जमीन से नौकरी कर रहे श्रमिकों का तत्काल नियमितीकरण किया जाए। सीएच एवं सप्लाई कार्य कर रहे जिन श्रमिकों की नौकरी 5 वर्ष पूर्ण हो गई हैं, उन्हें तत्काल कंपनी रोल में किया जाए। कंपनी प्रबंधन के लगाए गए झूठे मुकदमे वापस लिए जाएं। जिन किसानों की नौकरी बाकी है, उन्हें तत्काल ज्वाइन कराएं। जिन कर्मचारियों का आकस्मिक निधन हो गया है, उनके परिवार को अनुकंपा नियुक्ति दिलाई जाए। ईएसआई मेडिक्लेम तत्काल लागू कराया जाए।

**आम आदमी पार्टी ने किया हड़ताल का समर्थन**

हड़ताल में भूख हड़ताल हो जाने की वजह से अब आम आदमी पार्टी के नेता अनेन्द्र मिश्रा ने उनका समर्थन किया है। उन्होंने कहा है कि अगर इस प्रबंधन के द्वारा अगर उनकी मांगों को नहीं सुना जाता है तो हमारी पार्टी प्रदर्शन करेगी।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक डल्लू सोनी द्वारा सांई प्रिंटिस म. नं 19 जिंसी जहांगीराबाद, भोपाल,मप्र, मुद्रित एवं मजिस्ट्रेट बंगला वार्ड नं 9 , जिला अनूपपुर मध्यप्रदेश से प्रकाशित। संवादक-डल्लू सोनी, समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार/न्यायालनी क्षेत्र अधिकार अनूपपुर होगा। मो -9893798715